दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



टाइगर की नई फिल्म की शूटिंग शुरू, डेब्यू को तैयार एल्विश | भूमिका की लंबाई नहीं, आधार होना चाहिए

वर्ष : 12 अंक : 222 लखनऊ, 05 अगस्त, बुधवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### सपा विधायक सचिन यादव सदन से निष्कासित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को उस समय हंगामा हो गया जब सपा विधायक सचिन



यादव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर लेकर सदन में विरोध प्रदर्शन करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इसे सदन की मर्यादा के विरुद्ध बताते हुए पहले विधायक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उनके नहीं मानने पर उन्हें पूरे सत्र के लिए सदन से निष्कासित कर दिया गया।

### बांकीपुर में हार के बाद पीएम से मिले नीतीश



पटना। बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा की करारी हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मुलाकात हुई है। भाजपा की सहयोगी पार्टी जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में पीएम से उनके चैंबर में मुलाकात की।

### बद्रीनाथ मंदिर परिसर में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

वसई । उत्तरांचल मित्र मंडल, वसई द्वारा वसई पश्चिम स्थित सनसिटी के भगवान बद्रीनाथ मंदिर परिसर में महास्वैच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। लगातार बारिश और अनेक नागरिकों के उपवास के बावजूद शिविर में 29 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जबकि सैकड़ों लोगों ने विभिन्न निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में उत्तराखंड की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाजसेवा का प्रेरणादायी संदेश दिया। उत्तरांचल मित्र मंडल के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रूप से जुटे रहे।

### शिक्षाविद व पूर्व गवर्नर पाटिल का निधन

नईदिल्ली। प्रधानमंत्री और कई वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों ने बिहार, त्रिपुरा और बंगाल के पूर्व गवर्नर



तथा डीवाई पाटिल ग्रुप के संस्थापक डॉ. डीवाई पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया। पाटिल का मंगलवार को कोल्हापुर में निधन हो गया। वे 90 साल के थे। नेताओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और जनसेवा क्षेत्रों में उनके योगदान को सराहा।

### दीपके के साथ राहुल की राजस्थान जाने की चर्चा

नई दिल्ली। राहुल गांधी और 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संस्थापक अभिजीत दीपके के



राजस्थान जाने या किसी राजनीतिक गठबंधन में शामिल होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था को लेकर इन दोनों की राजनीतिक गतिविधियों को लेकर काफी चर्चा है।

## विधान परिषद में विपक्ष के आरोपों का बेसिक शिक्षा मंत्री का जवाब

# किसी भी परिषदीय विद्यालय को बंद नहीं किया गया

# शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर रही योगी सरकार

सरकार ने शिक्षा व्यवस्था और उपलब्ध संसाधनों को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए हैं। निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा तीन तक मिले सकारात्मक परिणामों के बाद इसे कक्षा पांच तक विस्तारित किया गया है...

अमन लेखनी समाचार/लखनऊ।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद में परिषदीय विद्यालयों को बंद किए जाने के आरोपों पर बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार ने किसी भी परिषदीय विद्यालय को बंद करने का निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के पेयरिंग को लेकर विपक्ष भ्रम फैला रहा है। सरकार ने शिक्षा व्यवस्था और उपलब्ध संसाधनों को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए हैं। निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा तीन तक मिले सकारात्मक परिणामों के बाद इसे कक्षा पांच तक विस्तारित किया गया है।

1.43 करोड़ से अधिक विद्यार्थी नामांकित, 71,877 बाल वाटिकाएं संचालित



**एक परिसर में दो-दो प्राथमिक विद्यालय**

मंत्री सिंह ने कहा कि वर्ष 2019 में 25,578 विद्यालय जो एक ही परिसर में संचालित थे उनके प्रशासनिक एकीकरण का निर्णय लिया गया था। कई परिसरों में कक्षा एक से पांच और छह से आठ तक के विद्यालय एक साथ संचालित थे, जबकि कुछ स्थानों पर एक ही परिसर में दो-दो प्राथमिक विद्यालय भी चल रहे थे।

**बाल वाटिकाओं के लिए अलग पाठ्यक्रम**

बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि 50 से कम छात्र संख्या और एक किलोमीटर की परिधि से जुड़े जिन विद्यालयों के संबंध में पेयरिंग का निर्णय लिया गया, उनका यू-डायस कोड समाप्त नहीं किया गया है। वहां बाल वाटिकाएं संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में वर्तमान में 71,877 बाल वाटिकाएं संचालित हैं और इनके लिए नया पाठ्यक्रम भी तैयार किया गया है। प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए 19,484 ईसीसीई एजुकेटर्स की नियुक्ति की गई है।

**आधारभूत संरचना में व्यापक सुधार**

मंत्री सिंह ने सदन में कहा कि वर्ष 2017 से पहले बड़ी संख्या में विद्यालय मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे थे। सरकार ने आपरेशन कायाकल्प के माध्यम से विद्यालयों की आधारभूत संरचना में व्यापक सुधार किया। निर्धारित 19 मानकों पर वर्ष 2017 में प्रगति करीब 36 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 96 प्रतिशत हो गई है।

## योगी सरकार ने पेश किया 59,019.54 करोड़ का अनुपूरक बजट

# उद्योग, ग्रामीण विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य महिला कल्याण को मिला बड़ा प्रोत्साहन


*यूपी विधानसभा में मंगलवार को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 59,019.54 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन में प्रस्तुत किया...*

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/लखनऊ।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 59,019.54 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन में प्रस्तुत किया। अनुपूरक मांगों के अनुरूप प्रस्तावित अनुपूरक बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित अनुपूरक बजट का कुल आकार 59,019.54 करोड़ है। प्रस्तावित अनुपूरक बजट का आकार इस वर्ष के मूल बजट का 6.47 प्रतिशत है। इसमें राजस्व लेखे का व्यय 17,399.50 करोड़ व पूंजी लेखे का व्यय 41,620.04 करोड़ रखा गया है। कहा कि पूंजीगत व्यय पर विशेष बल देने का उद्देश्य प्रदेश में सड़क, ऊर्जा, उद्योग, चिकित्सा, ग्रामीण विकास व अन्य आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार करना है। उन्होंने 60 साल या इससे अधिक आयु की महिलाओं को रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा का जिक्र किया।

**खास बातें**

- अनुपूरक बजट में नई मांगों के लिए की गई 7,854.25 करोड़ की व्यवस्था
- भारी एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए 22,107.88 करोड़ का प्रावधान
- 60 साल या इससे अधिक आयु की महिलाओं को रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा



**वित्तीय अनुशासन पर सरकार का जोर**

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन को भरोसा दिलाया कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति पूरी तरह मजबूत है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का राजकोषीय घाटा (फिसकल डेफिसिट) निर्धारित सीमा के भीतर है, जो सरकार के वित्तीय अनुशासन और बेहतर आर्थिक प्रबंधन का प्रमाण है। सरकार विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ वित्तीय संतुलन बनाए रखने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**उद्योग और निवेश को सबसे बड़ी प्राथमिकता**

वित्त मंत्री ने बताया कि अनुपूरक बजट में भारी एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए 22,107.88 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके माध्यम से औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन और प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान की जा सकेगी। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को भी बड़ी प्राथमिकता दी है। इसके लिए ग्राम विकास विभाग के लिए 17,942.73 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस राशि का उपयोग ग्रामीण अधोसंरचना, पंचायत विकास, ग्रामीण आजीविका, मूलभूत सुविधाओं तथा गांवों में विकास कार्यों को गति देने में किया जाएगा।

## सीएम ने सपा समेत विपक्षी दलों दिखाया आईना

# सदन को प्रभावित कर 25 करोड़ जनता के हितों के साथ खिलवाड़



अमन लेखनी समाचार/लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सदन में समाजवादी पार्टी व विपक्षी सदस्यों को जमकर आड़े हाथ लिया। उन्होंने सपा विधायकों के अभद्रतापूर्ण आचरण पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी व विपक्ष का आचरण असंवैधानिक और शर्मनाक है। विपक्ष सदन की कार्यवाही को प्रभावित कर 25 करोड़ जनता के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहा है, जिसे सभी प्रदेशवासी देख रहे हैं।

**विपक्ष का संवैधानिक मूल्यों व सदन की परंपराओं पर विश्वास नहीं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन प्रारंभ होने से पहले ही दलीय नेताओं की बैठक में सत्ता पक्ष की ओर से मैंने व संसदीय कार्य मंत्री ने आश्वस्त किया था कि नियम के अंतर्गत सदन में जो भी प्रस्ताव आएंगे, उन पर चर्चा होगी और सरकार उसका जवाब भी देगी। लेकिन, सपा व विपक्षी दलों का सदन में चर्चा, संवैधानिक मूल्यों और सदन की उच्च परंपराओं पर विश्वास ही नहीं है।

**>> संसदीय लोकतंत्र को पुष्ट करने वाली संस्थाओं का अपमान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून सत्र में सभी सदस्यों के पास बेहतरीन अवसर था कि वे 25 करोड़ जनता की भावनाओं और हितों को ध्यान में रखकर सदन में उनसे जुड़े मुद्दों को लेकर चर्चा-परिचर्चा करें।

## सुनेत्रा को कांग्रेस ने कहा 'गूंगी गुड़िया' तो भड़का आक्रोश एनसीपी ने किया पलटवार

# उमेश पाटिल ने जताई नाराजगी और कांग्रेस को दिलाई इंदिरा गांधी की याद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार को कांग्रेस के द्वारा 'गूंगी गुड़िया' कहे जाने के बाद राज्य की सियासत में नया घमासान शुरू हो गया है।

कांग्रेस के इस हमले को लेकर एनसीपी ने नाराजगी जाहिर की है और पलटवार किया है। उमेश पाटिल ने इसका जवाब देते हुए कांग्रेस को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की याद दिलाई है जिनके लिए सबसे पहले 'गूंगी गुड़िया' शब्द का इस्तेमाल किया गया था। पाटिल ने कहा कि कांग्रेस ने सुनेत्रा पवार के लिए उसी शब्द का



सुनेत्रा पवार



उमेश पाटिल

इस्तेमाल किया है जो कभी इंदिरा गांधी के लिए किया गया था और उस वक्त कांग्रेस ने इसे अपमानजनक कहा था तो क्या कांग्रेस अप्रत्यक्ष रूप से यह स्वीकार कर रही है कि इंदिर की आलोचना सही थी? पाटिल ने कहा है, लेकिन दूसरी तरफ यह याद दिलाता है कि इंदिराको उनके विरोधियों ने 'गूंगी गुड़िया' कहा था।

**रोहित ने भी इसे अपमानजनक बताया**

पाटिल के अलावा एनसीपी के विधायक रोहित पवार ने भी कांग्रेस की इस टिप्पणी को अपमानजनक बताया है। रोहित पवार ने कहा है कि अगर आज अजीत दादा होते तो वह इसका जवाब जरूर देते, लेकिन सुनेत्रा ने इस बारे में कोई जवाब नहीं दिया है, जो मुझे लगता है कि सही नहीं था। रोहित ने कहा है कि 'गूंगी गुड़िया' शब्द को दो तरह से देखा जा सकता है। एक तरफ, यह आपत्तिजनक है, लेकिन दूसरी तरफ यह याद दिलाता है कि कैसे इंदिरा गांधी का भी इसी शब्द से मजाक उड़ाया था।

**कांग्रेस ने कहा- सुनेत्रा को जवाब देना चाहिए**

कांग्रेस ने सुनेत्रा पवार को लेकर की गई अपनी सोशल मीडिया पोस्ट का बचाव किया है। पार्टी के प्रवक्ता हनुमंत पवार ने कहा कि बीड जिले की गार्जियन मंत्री होने के नाते सुनेत्रा पवार को पत्रकारों के सवालों का जवाब देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि उन्हें आगे आकर सवालों का सामना करना चाहिए था, लेकिन वह चुप रहीं।

# उप चुनाव में भाजपा सरकार को मिला रिटर्न गिफ्ट

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उपचुनाव में भाजपा को 12 साल की सरकार का रिटर्न गिफ्ट मिला है। बांकीपुर उपचुनाव की हार के बाद भाजपा कार्यकताओं के पास अब कुछ भी बाकी नहीं बचा। भाजपा इस उपचुनाव में टेस्ट कर रही थी कि बिना बेईमानी किये जनता उसे कितना वोट देती है। जनता में कितनी नाराजगी है? मध्य प्रदेश के दतिया उपचुनाव परिणाम को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि हमें खुशी है कि दतिया की जनता ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट दिया, जीत मिली। सपा कार्यकताओं ने जिम्मेदारी से इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी की मदद की। सपा के मध्य प्रदेश और झांसी के संगठन ने जो मदद हो सकती थी, उसे किया। संसद परिसर में मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने ई-20 पेट्रोल को लेकर कहा कि ऑटोमोबाइल कम्पनियों को ई-20 पेट्रोल के बारे में विज्ञापन देना चाहिए। लोगों को उसके फायदे बताने चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि ई-20 से गाड़ियों का माइलेज बढ़ गया, मेंटीनेंस फ्री हो गया है। कीमत कम हो गयी है। अगर ऑटो मोबाइल कम्पनियां विज्ञापन नहीं देती है तो इसका मतलब है, सरकार के साथ वह भी मुनाफा कमा रही है। उन्होंने अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर कहा कि मंदिर से चढ़ावा चोरी होना महा पाप है। सुप्रीमकोर्ट के फैसले को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि सुप्रीमकोर्ट ने कहा है कि जिनके ऊपर केस चल रहे है उनके केस खत्म नहीं होंगे, चलते रहेंगे।

## परीक्षाओं में धांधली को लेकर झारखंड में छात्रों का आंदोलन, बोले सोरेन

# सरकार संवेदनशील, मैं सीना चीर कर नहीं दिखा सकता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

झारखंड की राजधानी रांची के जयराम सिंह स्टेडियम में पिछले 11 दिनों से छात्र आंदोलन कर रहे हैं। स्टूडेंट्स जेपीएससी द्वारा आयोजित 14वीं प्रिलिम्स परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। वे परीक्षाओं में जो धांधली हुई है, उसकी सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। जेपीएससी और जेएसएससी में धांधली के खिलाफ रांची में देवेंद्रनाथ महतो भूख हड़ताल पर बैठे हैं। देवेंद्र नाथ ने कसम खाई है कि जब तक दोनों एजेंसी में पूरी सफाई नहीं होगी।

- जेपीएससी और जेएसएससी में धांधली के खिलाफ रांची में महतो भूख हड़ताल पर बैठे

11 दिन से छात्र कर रहे आंदोलन, सीबीआई जांच हो



**मुख्यमंत्री बात करें या इस्तीफा दें: देवेंद्र**

छात्रों की मांग को लेकर रांची में देवेंद्र नाथ भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। उन्होंने कसम खाई है कि जब तक दोनों एजेंसी में पूरी सफाई नहीं होगी, वो भूख हड़ताल पर रहेंगे। महतो ने हेमंत सोरेन से कहा है कि या तो वो प्रदर्शनकारियों से आकर बात करें या फिर इस्तीफा दें क्योंकि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तबतक वो ऐसे ही अनशन पर बैठे रहेंगे।



**48/100 में हुआ चयन सिस्टम पर आक्रोश फूटा**

सोशल मीडिया पर कथित ओएमआर शीट वायरल होने लगीं और दावा किया जाने लगा कि सेलेक्शन पाने वाले कुछ कैंडिडेट्स ने पूरे प्रश्न तक हल नहीं किए थे। विवाद बढ़ा तो 25 से 27 जुलाई की मुख्य परीक्षा को स्थगित कर दिया। छात्रों का आरोप है कि एक अभ्यर्थी की ओएमआर शीट वायरल हो गई, जिससे पता लग रहा है कि उसने 100 प्रश्नों में महज 48 प्रश्नों को हल किया लेकिन उसका सेलेक्शन हो गया।

## हिमाचल में बारिश का कहर

# सिरमौर में बाढ़ में फंस गए 25 लोग पुलिस, जवानों ने सुरक्षित निकाला

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में लगातार भारी बारिश के बीच कटासन के समीप जलमूसा खड्डु में अचानक जलस्तर बढ़ने से चार गुज्जर परिवारों के 25 लोग नदी के बीच फंस गए।

सूचना मिलते ही पुलिस, होमगार्ड, फायर ब्रिगेड और प्रशासन की टीमों ने करीब 3 घंटे तक चले जोखिम भरे रेस्क्यू अभियान के बाद सभी लोगों को सुरक्षित बाहर



निकाल लिया। प मंगलवार को भूपेंद्र कुमार ने थाना सदर नाहन में सूचना दी कि कटासन के पास जलमूसा खड्डु में अचानक पानी का बहाव तेज हो गया है और चार गुज्जर परिवारों के कईलोग बीच धारा में फंस गए हैं।

## बाइक की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज जारी है। इस मामले में उसके बेटे ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा थाना क्षेत्र के बनी गांव में रहने वाले संदीप के मुताबिक सोमवार देर शाम 7:40 बजे उसके पिता सजीवन लाल खेत से शौच कर पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान घर के सामने गांव निवासी शिवा अपनी मोटरसाइकिल (संख्या यूपी32 आरवाई 2584) को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए आया और सजीवन लाल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सजीवन के सिर, बाएं हाथ व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं और वह घायल हो गए। बाद में परिजनों ने आनन-फानन उन्हें जुनाबगंज स्थित प्रसाद अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल संदीप की तहरीर पर बंथरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## सदर में भी होंगी मोहनलालगंज की रजिस्ट्रियां, अधिवक्ताओं में विरोध

अमन लेखनी समाचार


मोहनलालगंज। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ की रजिस्ट्री व्यवस्था में किए गए बड़े प्रशासनिक बदलाव के बाद मोहनलालगंज तहसील में अधिवक्ताओं के बीच विरोध के स्वर तेज हो गए शासन की ओर से जारी नई अधिसूचना के अनुसार अब मोहनलालगंज क्षेत्र की संपत्तियों की रजिस्ट्रियां केवल मोहनलालगंज उप-निबंधक कार्यालय तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि लखनऊ सदर के विभिन्न उप-निबंधक कार्यालयों में भी कराई जा सकेंगी सरकार ने इस व्यवस्था को प्रशासनिक सुधार और जनसुविधा की दिशा में अहम कदम बताया जबकि स्थानीय अधिवक्ताओं ने इसे तहसील की प्रशासनिक व्यवस्था और स्थानीय हितों के लिए नुकसानदायक करार दिया। स्टाम्प एवं निबंधन अनुभाग-1 की ओर से 4 अगस्त 2026 को जारी अधिसूचना के तहत लखनऊ सदर प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम उप-निबंधक कार्यालयों का प्रशासनिक एकीकरण करते हुए उन्हें निबंधक कार्यालय लखनऊ के अधीन कर दिया गया साथ ही इन कार्यालयों के उप-निबंधकों को पंजीकरण अधिनियम-1908 की धारा-30 के अंतर्गत निबंधक, लखनऊ में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए मोहनलालगंज उप-जिला क्षेत्र की संपत्तियों से संबंधित दस्तावेजों का पंजीकरण करने का अधिकार भी प्रदान किया गया यह व्यवस्था 4 अगस्त से तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई। वहीं शासन का कहना है कि इस निर्णय का उद्देश्य रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक सरल पारदर्शी और ई-गवर्नेंस आधारित बनाना इसके माध्यम से कार्यालयों पर कार्यभार का संतुलित वितरण होगा लंबित कार्यों में कमी आएगी तथा आम नागरिकों को अधिक विकल्प उपलब्ध होंगे साथ ही उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। हालांकि इस फैसले का मोहनलालगंज बार एसोसिएशन ने कड़ा विरोध शुरू कर दिया अधिवक्ताओं का कहना है कि यदि मोहनलालगंज क्षेत्र की रजिस्ट्रियां सदर कार्यालयों में भी होने लगीं तो स्थानीय अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों तथा तहसील से जुड़े लोगों की आजीविका और कार्य व्यवस्था प्रभावित होगी उनका यह भी कहना है कि इससे वर्षों से विकसित स्थानीय न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर पड़ेगी और तहसील की उपयोगिता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के महामंत्री रामलखन यादव ने शासन के निर्णय की निंदा करते हुए कहा कि मोहनलालगंज क्षेत्र की संपत्तियों की रजिस्ट्रियां स्थानीय उप-निबंधक कार्यालय में ही होना जनहित में उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया तो बार एसोसिएशन व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाएगी और शासन स्तर पर विरोध दर्ज कराया जाएगा। बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अधिवक्ता यशवीर सिंह ने बताया कि सरकार को इस तरह का महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले स्थानीय अधिवक्ताओं और संबंधित पक्षों से राय लेनी चाहिए थी उनके अनुसार यह फैसला मोहनलालगंज की प्रशासनिक पहचान को कमजोर करने वाला और इससे स्थानीय व्यवस्था प्रभावित होगी। अधिवक्ता ऋषि द्विवेदी ने भी अधिसूचना का विरोध करते हुए कहा कि नई व्यवस्था से आम नागरिकों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने मांग की कि सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार करे तथा मोहनलालगंज क्षेत्र की रजिस्ट्रियों का अधिकार केवल स्थानीय उप-निबंधक कार्यालय तक ही सीमित रखा जाए। फिलहाल शासन की अधिसूचना लागू हो चुकी लेकिन बार एसोसिएशन के विरोध को देखते हुए आने वाले दिनों में यह मुद्दा और गरमा सकता अधिवक्ताओं ने संकेत दिए कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन शुरू कर शासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा ऐसे में सरकार और अधिवक्ताओं के बीच इस मुद्दे पर टकराव की स्थिति बनने के आसार दिखाई दे रहे।

## बारिश से चरमराई बिजली व्यवस्था

### 200 गांवों में घंटों गुल रही आपूर्ति

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। मंगलवार तड़के हुई तेज बारिश ने क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दी। निगोहां और समेसी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े करीब 200 गांवों में फॉल्ट और तकनीकी खराबी के घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही भीषण उमस के बीच हजारों उपभोक्ता बिजली के बिना परेशान रहे घरों में पंखे कूलर और पानी की मोटरें बंद रहीं वहीं मोबाइल टावर और इन्वर्टर भी जवाब दे गए। निगोहां क्षेत्र में पुराहिया, मस्तीपुर, रघुनाथखेड़ा और दयालपुर फीडरों में ब्रेकडाउन होने से निगोहां कस्बे समेत भगवानपुर, मदारीखेड़ा, दयालपुर, लालपुर, गोसाईखेड़ा और उदयपुर सहित दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति चार से छह घंटे तक ठप रही कस्बे में ट्रांसफार्मर से धुआं उठने के कारण भी आपूर्ति प्रभावित हुई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, समेसी विद्युत



उपकेंद्र से जुड़े समेसी, बहरौली, मीरखनगर और नगराम आईपीडीएस फीडरों में बारिश के दौरान फॉल्ट आने से लगभग 200 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई बहरौली फीडर से जुड़े हरदोइया, भोलापुरवा, नेहरू नगर, बहरौली, मुकुंदखेड़ा, सिरौना, करोरवा, अनैया और खरगापुर समेत करीब 50 गांवों में सुबह सात बजे गुल हुई बिजली शाम चार बजे बहाल हो सकी। वहीं समेसी फीडर से जुड़े करोरा, भोरा कला, केवली, मितौली, अचलीखेड़ा, समेसी, शंकरखेड़ा और गनेशखेड़ा समेत करीब 60 गांवों में भोर से ठप आपूर्ति लगभग 12 घंटे बाद शुरू हुई, लेकिन कुछ देर बाद दोबारा फॉल्ट आने से फिर बाधित हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय तक बिजली न मिलने से पेयजल संकट गहरा गया और उमस भरी गर्मी में लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया किसानों ने भी धान की रोपाई के दौरान लगातार ट्रिपिंग और बिजली आपूर्ति बाधित रहने से सिंचाई कार्य प्रभावित होने की शिकायत की। समेसी उपकेंद्र के अवर अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि लगातार बारिश के कारण फीडरों में कई स्थानों पर फॉल्ट आ गया था। करोरवा और दोरिया के पास हाईटेंशन लाइन पर पेड़ों की डालियां गिरने से आपूर्ति बाधित हुई जिन्हें हटाकर लाइन दुरुस्त की गई इसके अलावा समेसी फीडर की ट्रॉली में तकनीकी खराबी आने से 132 केवी पावर हाउस खुजेहटा से शटडाउन लेकर मरम्मत करानी पड़ी सभी तकनीकी खामियां दूर करने के बाद शाम तक अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

## गोदाम के बाहर खड़ी टाटा ऐस गोल्ड (चार पहिया) वाहन चोरी, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों फ्लिपकार्ट गोदाम के बाहर खड़ी एक टाटा ऐस गोल्ड (चार पहिया) वाहन चोरी हो गयी। इस मामले में सरोजनीनगर के न्यू गड़ौरा निवासी अंकित सिंह ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अंकित का कहना है कि उनकी टाटा ऐस गोल्ड लोडर वाहन (यूपी 32 एमएन 0294) 19 जुलाई की रात करीब 12 बजे फ्लिपकार्ट गोदाम के बाहर खड़ी थी। अगले दिन 20 जुलाई को जब वह वाहन लेने पहुंचे तो गाड़ी मौके से गायब मिली। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश करते हुए लोगों से पूछताछ की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद उसने मामले की तहरीर थाने में दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के सहारे वाहन चुराने वालों का पता लगा रही है है।

## अंतरराज्यीय सोना तस्करी और सोना चोरी करने वाले दो सदस्य गिरफ्तार

### दुबई से लखनऊ आए यात्री का ट्राली बैग लेकर हुए थे फरार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस और डीसीपी दक्षिणी की सर्विलांस टीम ने बीते दिनों दुबई से लखनऊ आए यात्री का करीब 30 लाख रुपये कीमत का 203.92 ग्राम सोने का कैप्सूल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया सोना बरामद कर लिया, जबकि उनके फरार साथियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक बलिया जिले के उभांव थाना अंतर्गत उमरगंज बेल्थरा रोड निवासी महबूब आलम ने 3 जुलाई को सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 जुलाई को वह दुबई से अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे। तभी एयरपोर्ट के बाहर बलरामपुर जिले के श्रीदत्त गंज थाना अंतर्गत किठूर निवासी दीपक वर्मा, यहीं के इटई मैदा निवासी राम प्रताप दुबे, पंजाब के मोगा निवासी अर्शदीप




और उनके साथियों ने उसे अपनी काली ब्रेजा कार में बिठा लिया। कुछ देर तक इधर-उधर घुमाने के बाद आलमबाग बस अड्डे के पास उतारकर उसका ट्रॉली बैग, उसमें रखे दुबई की मुद्रा दिरहम, पासपोर्ट, कपड़े और सोने का कैप्सूल लेकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देशन में गठित चार टीमों और सर्विलांस सेल ने करीब 100 से 130 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और सर्विलेंस की मदद से मंगलवार को दीपक वर्मा और राम प्रताप दुबे को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 203.92 ग्राम सोने का कैप्सूल बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने बताया कि उनका गिरोह दुबई सहित अन्य खाड़ी देशों में भारत लौटने के इच्छुक लोगों को शॉपिंग, नकदी और टिकट का लालच देकर सोने की तस्करी कराता था। सोने को बुरादे के रूप में विशेष तरीके से पैक कर भारत भेज दिया जाता था। इस बार लालच में आकर उन्होंने तस्करी का सोना अपने गिरोह तक पहुंचाने के बजाय स्वयं ही चोरी कर लिया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को जेल भेज दिया गया, जबकि उनके फरार साथियों की तलाश जारी है। उधर डीसीपी दक्षिणी ने इस कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## निराशा इंसान को भक्ति के मार्ग पर ले जाती है : आचार्य जयशंकर

### दखिना गांव में श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़,

### हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा पंडाल

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। क्षेत्र के दखिना गांव में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य जयशंकर शुक्ला ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति वैराग्य और आध्यात्मिक जीवन का संदेश दिया उन्होंने कहा कि जब मनुष्य को संसार से अपेक्षित सुख नहीं मिलता अपनों से ही पीड़ा मिलने लगती और जीवन की आशाएं टूटने लगती तब उसका मन ईश्वर की ओर आकर्षित होता यही अवस्था मनुष्य को भक्ति और आत्मचिंतन के मार्ग पर आगे बढ़ाती।

#### भक्ति से मिलता है जीवन का वास्तविक सुख

आचार्य जयशंकर शुक्ला ने कहा कि संसार का सुख क्षणभंगुर जबकि भगवान की भक्ति से मिलने वाला



आनंद स्थायी और आत्मिक होता भगवान शिव अपने भक्तों पर शीघ्र प्रसन्न होने वाले देव जो व्यक्ति निष्कपट भाव, श्रद्धा और विश्वास के साथ उनकी आराधना करता है, उसके जीवन के दुख और बाधाएं स्वतः दूर होने लगती।

#### सदाचार भी है सच्ची उपासना

उन्होंने कहा कि केवल पूजा-पाठ करना ही भक्ति नहीं सत्य का पालन करना, जरूरतमंदों की सेवा करना, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करना, संयमित जीवन जीना और अच्छे आचरण को अपनाना भी भगवान की सच्ची आराधना उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक संस्कारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

#### शिव महिमा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

कथा के दौरान भगवान शिव के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया कथा सुनते समय श्रद्धालु भक्ति में सराबोर दिखाई दिए समय-समय पर पूरा पंडाल ₹हर-हर महादेव₹ और ₹बोल बम₹ के जयघोष से गूंजता रहा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

#### महाआरती में उमड़ी आस्था

कथा के समापन पर विधि-विधान से महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव का पूजन किया इसके बाद सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

#### प्रतिदिन पहुंच रहे बड़ी संख्या में श्रद्धालु

आयोजक अनमोल तिवारी ने बताया कि सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा में प्रतिदिन सायंकाल क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे कथा आगामी दिनों में भी निर्धारित समय पर जारी रहेगी, जिसमें भगवान शिव की महिमा और विभिन्न प्रसंगों का विस्तृत वर्णन किया जाएगा।

## ट्रैफिक सिपाही पर लोडर वाहन चढ़ाने का प्रयास, मारपीट करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात एक यातायात सिपाही ने लोडर वाहन चालक पर वाहन चढ़ाने का प्रयास करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। लखनऊ स्थित ट्रैफिक पुलिस लाइन में तैनात सिपाही हमातउल्ला के मुताबिक सोमवार रात उनकी ड्यूटी सरोजनीनगर में शहीद पथ-कानपुर रोड तिराहे पर लगी थी और वह यातायात संचालन कर रहे थे। तभी रात करीब 10:30 बजे कानपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे अशोक लेलैंड लोडर (छोटा हाथी डाला) यूपी32आरटी4811 के चालक ने उनके ऊपर लोडर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। ट्रैफिक सिपाही का कहना है कि विरोध करने पर चालक और उसके साथ मौजूद दो अन्य लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए वर्दी पकड़कर उन्हें नीचे गिराकर मारपीट की। तब शोर सुनकर मौके पर मौजूद टीएसआई और अन्य यातायात कर्मियों ने हस्तक्षेप कर सिपाही को बचाया। बाद में लोडर वाहन चालक को वाहन सहित पकड़ लिया गया, जबकि उसके दोनों साथी मौके से फरार हो गए। इसके बाद घटना की सूचना यातायात कंट्रोल रूम और उच्च अधिकारियों को दी गई। सूचना पर पहुंची सरोजनीनगर पुलिस आशियाना के रजनी खंड निवासी आरोपी चालक अमित पुत्र रामगोपाल को वाहन सहित थाने ले गई। पुलिस ने पीड़ित ट्रैफिक सिपाही की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

## सैनिक बोटिंग क्लब तालाब ओवरफ्लो, घरों के चारों ओर भरा पानी

### घरों के लोगों का बाहर निकलना हुआ मुश्किल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक हुई बारिश के बाद सरोजनीनगर स्थित सैनिक बोटिंग क्लब तालाब ओवरफ्लो हो गया, जिससे आसपास के करीब दर्जनभर घरों के चारों ओर पानी भर गया। जलभराव इतना अधिक था कि इन घरों के लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। मंगलवार सुबह कई लोग अपने काम पर नहीं पहुंच सके, जबकि स्कूली बच्चे भी स्कूल नहीं जा पाए। स्थानीय लोगों ने इस मामले में कानपुर रोड पर निमार्णाधीन एक्सप्रेस-वे की कार्यदायी संस्था पीएनसी कंपनी को जिम्मेदार ठहराया है। लोगों का आरोप है कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान कानपुर रोड किनारे बनाए गए बड़े नालों को हाइडिल नहर के पास स्कूटर इंडिया की ओर जाने वाले नाले से नहीं जोड़ा गया। इसके कारण ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन और आसपास की कॉलोनियों का बरसाती व घरों का गंदा पानी सीधे सैनिक बोटिंग क्लब तालाब में पहुंच रहा है। लगातार पानी आने से तालाब उफन गया और आसपास के घरों व सड़कों पर भीषण जलभराव हो गया। इससे शशांक पांडे, अंकित बाजपेई, हरिओम बाजपेई, संगीता पांडे, उपासना मिश्रा, सोनू तिवारी, अनुराग बाजपेई, शीला बाजपेई, आशुतोष श्रीवास्तव और राजेश्वर बाजपेई सहित अन्य घरों के लोगों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई। बाद में मामले की जानकारी मिलने पर उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने नगर निगम जोन-8, एनएचएआई और अन्य संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर तत्काल समाधान की मांग की। वहीं भाजयुमो के गौरी मंडल संयोजक अभिषेक सिंह चौहान ने भी विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह को पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया। शिकायत के बाद नगर निगम जोन-8 ने मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे पानी निकासी के लिए पंपिंग सेट तो मौके पर भेज दिया, लेकिन शाम तक उसे चालू नहीं किया जा सका। ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि इस संबंध में एसडीएम सरोजनीनगर, एसीपी कृष्णानगर, एनएचएआई और नगर निगम के अधिकारियों को करीब दो माह पहले ही ज्ञापन देकर आगाह किया गया था, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि छठ पूजा स्थल का रास्ता बह जाने से लगभग 20 हजार श्रद्धालु प्रभावित होंगे। साथ ही जलभराव से स्वास्थ्य संबंधी खतरे और विषैले जीव-जंतुओं का डर भी बढ़ गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र स्थायी समाधान नहीं किया गया तो व्यापार मंडल के साथ मिलकर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## नम आंखों के साथ निकला चेहल्लुम का जुलूस

### हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल बना आयोजन

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। गम-ए-हुसैन की याद में मंगलवार को निगोहां कस्बे में चेहल्लुम का जुलूस पूरी अकीदत अनुशासन और गंगा-जमुनी तहजीब के साथ निकाला गया जुलूस के दौरान शोक का माहौल रहा नोहा और मर्सिया की सदाओं के बीच लोगों की आंखें नम हो उठीं सबसे खास बात यह रही कि मुस्लिम समुदाय के साथ बड़ी संख्या में हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी जुलूस में भाग लेकर आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकता की मिसाल पेश की। गांव के बड़े चौक से पारंपरिक ताजियों को उठाया गया इसके बाद जुलूस निर्धारित मार्ग से होते हुए जगन टोला, दर्जिन टोला सहित विभिन्न मोहल्लों से गुजरता हुआ कर्बला पहुंचा, जहां धार्मिक परंपराओं के अनुसार ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। पूरे मार्ग में या हुसैन की सदाएं, नोहा और मर्सिया गूंजते रहे



मातम में शामिल लोगों ने इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की कुर्बानी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जुलूस में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी नोहा और मर्सिया पढ़कर तथा व्यवस्थाओं में सहयोग देकर सांप्रदायिक सौहार्द का परिचय दिया कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर और छबील की व्यवस्था की गई जहां सभी धर्मों के लोगों ने एक साथ प्रसाद एवं शरबत ग्रहण किया इससे आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश भी प्रसारित हुआ। ताजियादार जलील खान ने बताया कि निगोहां में वर्षों से चेहल्लुम का जुलूस आपसी प्रेम और भाईचारे के वातावरण में निकाला जाता। इस वर्ष भी सभी समुदायों के लोगों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया और शांतिपूर्ण माहौल में धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा एसआई मनीष सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल पूरे मार्ग पर तैनात रहा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई जिससे जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। निगोहां थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार ने बताया कि चेहल्लुम का जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था सभी लोगों के सहयोग से कार्यक्रम बिना किसी अप्रिय घटना के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ पूरे आयोजन के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा जिसकी स्थानीय लोगों और प्रशासन ने सराहना की।

## घरेलू विवाद के बाद रेलकर्मी की संदिग्ध मौत, पत्नी-बेटा हिरासत में

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां थाना क्षेत्र के मीराखनगर गांव में सोमवार देर रात घरेलू विवाद के बाद रेलवे विभाग में तैनात एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई मृतक की मां ने बहू और बड़े पोते पर क्रिकेट बैट व लात-घूंसों से पीटकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मीराखनगर निवासी कैलाशनाथ गौतम (54) पुत्र रामप्यारे गौतम रेलवे के इंदौर अस्पताल में अनुकंपा के आधार पर अटेंडेंट के पद पर कार्यरत थे वह अपनी पत्नी लज्जावती बड़े बेटे शिवम



उर्फ अरुण और छोटे बेटे अनुज के साथ गांव में रहते थे उनकी मां रमापति परिवार के अन्य बेटों के साथ अलग निवास करती। परिजनों के अनुसार सोमवार देर शाम किसी घरेलू बात को लेकर कैलाशनाथ का पत्नी और बड़े बेटे से विवाद हो गया देखते ही देखते कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। मृतक की मां रमापति का आरोप है कि जब वह शोर सुनकर मौके पर पहुंचीं तो बहू और बड़ा पोता क्रिकेट बैट तथा लात-घूंसों से कैलाशनाथ की पिटाई कर रहे थे। उन्होंने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें भी धक्का देकर वहां से भगा दिया गया। कुछ देर बाद छोटा बेटा अनुज घर पहुंचा तो उसने पिता को अचेत अवस्था में जमीन पर पड़ा देखा। वह तत्काल उन्हें उपचार के लिए रेलवे अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को वापस घर ले आए और घटना की सूचना पुलिस को दी। मृतक के भाई दुर्गेश कुमार की सूचना पर निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहन जांच कर रही है। मृतक की मां रमापति ने निगोहां थाने में लिखित तहरीर देकर बहू लज्जावती और बड़े पोते शिवम पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस परिवार के अन्य सदस्यों और आसपास के लोगों के भी बयान दर्ज कर रही है ताकि घटना की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। निगोहां थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा हालांकि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की निष्पक्ष जांच कर रही।

## 'हरियाली उत्सव सीजन फाइव - खुशहाल लाइफ' का पोस्टर किया गया रिलीज

### 'नव अंशिका हरियाली क्वीन 2026' सहित 'स्वीट 60' की भी दिलचस्प प्रतिस्पर्धाएं बनेंगी आकर्षण

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रेल विहार एवं नव अंशिका फाउण्डेशन की ओर से रविवार 16 अगस्त को 'हरियाली उत्सव सीजन फाइव - खुशहाल लाइफ' का आयोजन गोमती नगर विराज खंड स्थित होटल क्लासिक कलेक्शन निकट हैनीमैन चौराहा में किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 12 बजे से होगा। इसमें सौन्दर्य और टैलेंट के एक से बढ़कर एक दिलचस्प प्रतियोगिताएं होंगी। इसका पोस्टर मंगलवार 4 अगस्त को रेल विहार कॉलोनी परिसर में नव अंशिका की उपाध्यक्ष नीरा लोहानी और रेल विहार सोसाइटी की गरिमा श्रीवास्तव और



रचना सिंह के द्वारा जारी किया।

इस अवसर पर उपस्थित नव अंशिका फाउण्डेशन की अध्यक्षा नीशू त्यागी ने बताया कि 'हरियाली उत्सव सीजन फाइव - खुशहाल लाइफ' में रैंप वॉक और टैलेंट हंट शो आकर्षण का केन्द्र बनेगा वहीं नव अंशिका हरियाली क्वीन 2026 और स्वीट सिक्स्टी हरियाली क्वीन 2026 के साथ ही बेस्ट हेयर स्टाइल, ड्रेस, स्माइल, पर्सनैलिटी, परफामेंस, रैंप वॉक, मेकअप, डांस, टैलेंट, मेंहदी, सुंदरी, कजरा, चूड़ी श्रंगार, एक्सप्रेशन, सिंगर, आनार्मेंट, फुटवियर और नेल्स के टाइटल अवार्ड भी दिए जाएंगे। इच्छुक महिलाएं दूरभाष 9721700025 और 9335222238 पर भी संपर्क कर सकती हैं। इससे सम्बंधित जानकारियां और फेसबुक लिंक facebook.com/ nishu.tyagi.7792 पर भी अपलोड की जाएंगी।

इसके सह-संयोजक थिएटर एंड फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव दबीर सिद्दीकी ने बताया कि हरियाली तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। जो कि इस साल शनिवार 15 अगस्त को है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण इस साल इसे उसके अगले दिन रविवार 16 अगस्त को मनाया जा रहा है। आस्था, उमंग, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव, शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। झूलों और गीतों का आनंद लेती युवतियां और महिलाएं प्रकृति की उमंग से सराबोर होते हुए हरे रंग के लहंगे, चोली, सलवार सूट और साड़ी को पहन कर इस प्रकृति पर्व को मनाती हैं। ऐसे में नए दौर की महिलाओं की रुचि अनुरूप इस बार 'हरियाली उत्सव सीजन फाइव - खुशहाल लाइफ' का आयोजन भी नए रूप में किया जा रहा है।

## संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के कोटवर सरैयां के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत । सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया । बिहार थाना क्षेत्र के मलौना निवासी राहुल 36पुत्र सुखराम पासी मौरांवा से अपने गांव वापस आ रहा था ।देर रात लगभग 8 बजे थाना क्षेत्र के गांव कोटलर सरैयां के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से खंती मे चला गया । जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया ।मृतक के एक पुत्र आर्यन 6 व बेटी अच्छिता 4 वर्ष है । पत्नी ममता रो रो कर बेहाल है । थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि शल को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया हैं ।तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।

### जहरीले कीड़े के काटने से एक किशोर समेत दो लोगों की हालत बिगड़ी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में जहरीले कीड़े के काटने से एक किशोर समेत दो लोगों की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा हैबेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम रुरी रसूलपुर निवासी 15 वर्षीय अंकुर पुत्र मुन्नीलाल को घर के पास किसी जहरीले कीड़े ने डस लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने आनन-फानन उसे सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया। दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जामड़ की है। जहां मिथलेश पुत्र रामपाल को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें भी सीएचसी लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंचने से दोनों की हालत नियंत्रण में है। चिकित्सकों ने ग्रामीणों से बरसात के मौसम में खेतों और झाड़ियों के आसपास विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

### डंपर की टक्कर से युवक की मौत

रायबरेली , शिवगढ़ थाना क्षेत्र के कुंभी चौराहे के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने सवारियों से भरे ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान शिवम चौरसिया पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है। बताया गया है कि मृतक और सभी घायल एक ही गांव के निवासी हैं। घायलों को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

## गर्भवती महिलाओं के खानपान में विशेष सावधानी जरूरी: डॉ. आफताब अहमद

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। गर्भावस्था का समय किसी भी महिला के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील दौर होता है। इस दौरान गर्भ में पल रहे शिशु का संपूर्ण विकास सीधे तौर पर माँ के खानपान और जीवनशैली पर निर्भर करता है। गर्भवती महिलाओं को अपने और अपने होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य के लिए खानपान में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ के प्रसिद्ध महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. आफताब अहमद ने गर्भवती महिलाओं के लिए एक स्वस्थ और संतुलित आहार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की हैं। डॉ. आफताब अहमद का कहना है कि गर्भवती महिला को अपने दैनिक भोजन में प्रोटीन, विटामिन, आयरन, कैल्शियम और काबोहाईड्रेट का सही संतुलन रखना चाहिए। भोजन ऐसा होना चाहिए जो पचने में आसान हो और शरीर को पूरी ऊर्जा दे। खून की कमी (एनीमिया) से बचने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां (पालक, मेथी), अनार, चुकंदर, और दालों का सेवन प्रचुर मात्रा में करना चाहिए। फोलिक एसिड बच्चे के मस्तिष्क के विकास में मददगार होता है। हड्डियों की मजबूती के लिए दूध, दही, पनीर और छाछ को अपनी डेली डाइट का हिस्सा बनाएं। शरीर की रिकवरी और शिशु के विकास के लिए पनीर, सोयाबीन, अंडे (यदि मां शाकाहारी नहीं है), दालें और सूखे मेवे बेहद जरूरी हैं। ताजे फल, सलाद और साबुत अनाज खाने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और कब्ज की समस्या से राहत मिलती है। डॉ. आफताब अहमद ने चेतावनी दी है कि कुछ खाद्य पदार्थ और आदतें गर्भस्थ शिशु के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं जैसे अंडा, मांस या मछली पूरी तरह पकी हुई होनी चाहिए। कच्चे या अधपके भोजन में हानिकारक बैक्टीरिया हो सकते हैं। मैदे से बनी चीजें, अत्यधिक मसालेदार और तली-भुनी चीजें खाने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे गैस, एसिडिटी और वजन असंतुलित होने का खतरा रहता है। चाय और कॉफी का अत्यधिक सेवन गर्भस्थ शिशु के विकास को प्रभावित कर सकता है। दिन में 1-2 कप से ज्यादा कैफीन न लें। स्ट्रीट फूड या खुले में बिकने वाली चीजें खाने से फूड पॉइजनिंग और इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. आफताब अहमद के अनुसार, गर्भवती महिलाओं को दिनभर में कम से कम 8 से 10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। पर्याप्त पानी पीने से डिहाइड्रेशन नहीं होता, यूरिन इन्फेक्शन का खतरा टलता है और शरीर से विषैले तत्व बाहर निकलते हैं। पानी के अलावा नारियल पानी, नींबू पानी और ताजा फलों का रस भी फायदेमंद होता है। अंत में डॉ. आफताब अहमद ने सलाह दी कि हर गर्भवती महिला की शारीरिक स्थिति अलग होती है, इसलिए किसी भी तरह के सप्लीमेंट (जैसे आयरन या कैल्शियम की गोलियां) लेने से पहले अपने नजदीकी महिला रोग विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य करें और नियमित अंतराल पर अपनी जांच कराते रहें।

## सड़क दुर्घटना में दिवंगत होमगार्ड की पत्नी को मिली 30 लाख की सहायता राशि

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए होमगार्ड स्वयंसेवक की आश्रिता को जिलाधिकारी ने सोमवार को 30 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जिला कमांडेंट होमगार्ड धर्मेंद्र विश्वकर्मा की उपस्थिति में दिवंगत होमगार्ड स्वयंसेवक हरिशंकर की पत्नी गुड़िया देवी को बीमा/अनुग्रह सहायता राशि का चेक सौंपा।

बताया गया कि 14 जनवरी 2026 को ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में होमगार्ड स्वयंसेवक हरिशंकर की मौत हो गई थी। होमगार्ड विभाग और एचडीएफसी बैंक टाकी नगर शाखा के बीच हुए समझौते के तहत यह सहायता राशि दी गई है। यह पहल माननीय मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी सोच के अनुरूप है।

जिला कमांडेंट धर्मेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि इस आर्थिक सहायता का उद्देश्य आश्रित परिवार को कठिन समय में संबल प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि होमगार्ड मुख्यालय से दिवंगत को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिलाने का प्रस्ताव भी भेजा गया है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए गुड़िया देवी को हर संभव सरकारी सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक टाकी नगर शाखा के शाखा प्रबंधक संदीप शर्मा, एडीसी रमेश वर्मा, पीसीपी गजराज सिंह, कंपनी इंचार्ज दीपक सिंह सहित होमगार्ड विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र के बलसिंह खेड़ा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर पर चढ़कर गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी राजकुमारी पत्नी रजोल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 26 जुलाई की शाम करीब छह बजे वह घर पर अकेली थीं। आरोप है कि गांव के ही रवि, बबलू, शिवम और शिवभजन शराब के नशे में उनके घर के सामने पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट का प्रयास किया। इसी दौरान उनके पति और देवर मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे तीनों को चोटें आई हैं। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। उन्होंने बताया कि उपचार के बाद 3 अगस्त को वह थाने शिकायत दर्ज कराने जा रही थीं। आरोप है कि रास्ते में फिर आरोपी मिल गए और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए थाने जाने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया चेहल्लुम

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम शीतलगंज में हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में अकीदत और एहतराम के साथ चेहल्लुम मनाया गया । अंजुमनों ने मातमी धुन पर नौहा खानी और मर्सियो के जरिए करबला का दर्दनाक वाकया बयान किया।

सोमवार की रात को गांव के लगभग एक दर्जन इमाम चौकों पर ज्यारत के लिए ताजिए रखे गए । इमाम चौक के अलावा गांव मे जगह-जगह रौशनी की सजावट की गई । ताजिया के ज्यारत के लिए रात भर अकीदतमंदों का मजमा लगा रहा। जगह-जगह जायरीनों के लिए लंगर और पानी की सबीलों का इंतजाम किया गया । मंगलवार को सभी ताजियों को पारंपरिक तरीके से उठाया गया। पूरे गांव का गश्त किया गया। गश्त के दौरान नोहा पढ़ने वाली विभिन्न अंजुमनों ने इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत में दर्द भरे नोहे पढ़े और मातम किया, जिसे सुनकर हर आंख नम हो गई। गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए गश्त पूरा करने के बाद देर शाम को सभी ताजिए पारंपरिक स्थल कर्बला पहुंचे, जहां उन्हें नम आंखों और पूरे एहतराम के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया।इस पवित्र और गमगीन मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व पालिका अध्यक्ष बांगरमऊ इजहार खां रगुड्डूर, शासन द्वारा नामित सभासद अवधेश गुप्ता उर्फ तूफानी, फजलुर्रहमान, हबीबुल रहमान बाबूजी, एहसान अली,इकराम अली, मुकर्रम अली अजीजुर्रहमान आदिल, रिजवान अली, मेराज अली, शहंशाह सहित भारी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।

## खाली प्लॉट में मिला युवक का शव जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कोतवाली सदर क्षेत्र के हुसैनगंज में मंगलवार सुबह एक खाली प्लॉट में युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शराब की दुकान के पास पड़े शव की सूचना पर डायल 112 और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आसपास मौजूद लोगों से भी पूछताछ की गई ।जांच में मृतक की पहचान मुकीम पुत्र नसीम के रूप में हुई। वह हरी मस्जिद, कोतवाली सदर का रहने वाला था और उसकी उम्र करीब 35 वर्ष थी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मुकीम लंबे समय से शराब पीने का आदी था। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि शव पर किसी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। रिपोर्ट के आधार पर आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## वर्षा और नरौरा बांध से छोड़े गए पानी से गंगा उफान पर, एक दर्जन गांवों पर मंडराया बाढ़ का खतरा

अमन लेखनी समाचार



परियर, उन्नाव। लगातार हो रही बारिश और नरौरा बांध से छोड़े गए पानी के कारण गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। पानी परियर क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों तक पहुंच गया है, जिससे बाढ़ का खतरा गहरा गया है। वहीं खेतों में तैयार खड़ी सब्जी की फसल को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है।

अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गौर और सदर एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि संभावित बाढ़ को देखते हुए परियर में बाढ़ चौकी स्थापित कर दी गई है। जानकी कुंड आश्रम में राहत शिविर बनाया गया है। नाव, राहत सामग्री और अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। गंगा के जलस्तर की 24 घंटे निगरानी की जा रही है तथा तहसील स्तर पर गठित टीमें लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। मंगलवार को सदर तहसीलदार मनीष द्विवेदी ने राजस्व टीम के साथ संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।गंगा का पानी मानाबंगला, देवीपुरवा, बंदनपुरवा, लाल्टूपुरवा, बाबू बंगला, टपरा, महानंदपुरवा, बेनीपुरवा, कोलवा, अतरी और पनपथा समेत करीब एक दर्जन गांवों के निकट पहुंच चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जलस्तर में और बढ़ोतरी हुई तो लौकी, कद्दू, तोरई, टिंडा, सेम और करेला जैसी तैयार सब्जी की फसलें जलमग्न होकर नष्ट हो सकती हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की है।

## तहसील भवन मेन गेट पर बना शौचालय बदहाल लोग परेशान



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। पाटन प्रांगण के अंदर बने तहसील भवन के अंदर गेट के पास बने शौचालय के पास से पहली दूसरी व तीसरी मंजिल पर बने कार्यालय में दूर-दूर से अपने कार्य कराने के लिए लोग आते हैं शौचालय की बदबू के कारण मुंह में कपड़ा लगाकर के ही निकल पाते हैं जबकि इस गेट से जिनके कंधों पर तहसील के सैकड़ो गांव की व्यवस्था देखने की है वह भी इस गेट से आते जाते है तहसील प्रांगण के अंदर कहीं जल भराव कहीं कूड़े के ढेर कहीं गंदगी देखकर लोग कहते हैं कि इससे तो अच्छा मेरा गांव ही है कि गांव में भी इससे ज्यादा सफाई हो जाती है यहां तो बदबू व गंध के मारे ज्यादा देर रुक पाना ही बड़ी मुश्किल है तहसील का विभाजन लगभग 30 साल हो गए हैं लेकिन तहसील की व्यवस्था में आज भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ है अधिवक्ताओं के चेंबरो के आगे जल भरा हुआ कीचड़ है इसको लेकर अधिवक्तागण कई बार लगातार हड़ताल कर चुके हैं लेकिन उनको भी सफलता नहीं मिल पाई है

## सरकारी धन का दुरूपयोग करने का जिम्मेदारों पर ग्रामीणों ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। विकास खंड की ग्राम पंचायत भवानी खेड़ा चंदौली बुजुर्ग में विकास कार्यों में अनियमितता और सरकारी धन के दुरुपयोग के लगे आरोप। ग्राम पंचायत के सदस्यों ने ग्राम प्रधान सरजू और सचिव शशांक यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्य विकास अधिकारी उन्नाव को लिखित शिकायत सौंपी है ।शिकायतकर्ता सुरेन्द्र कुमार पुत्र सुन्दर लाल ने 09 जुलाई 2026 को मुख्य विकास अधिकारी कृति राज को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि ग्राम में कराए गए अनेक विकास कार्य या तो अधूरे हैं या फिर बिना कार्य कराए ही सरकारी धन का भुगतान कर दिया गया है। आरोप है कि प्रधान और सचिव की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे ग्रामवासियों को भारी असुविधा हो रही है। ग्रामवासियों का कहना है कि भ्रष्टाचार के कारण गांव में विकास कार्य ठप पड़े हैं। शिकायत पत्र पर राजा राम, संजय, उमेश कुमार, कुलजीत वर्मा, ओमकार, विशाल वर्मा, रामकुमार रावत सहित दर्जनों पंचायत सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। सुरेन्द्र कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की किसी सक्षम अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराई जाए। जांच में आरोप सही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और सरकारी धन की वसूली सुनिश्चित की जाए। फिलहाल मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने जांच कराकर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## देर रात बाद हुई भारी बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से दिलाई राहत बिजली आपूर्ति हुई ठप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सोमवार शाम से देर रात तक रुक-रुक कर हुई बारिश ने उमस और गर्मी से लोगों को राहत दिलाई। बारिश से धान समेत खरीफ की फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है। हालांकि, तेज हवा और बारिश के चलते कई स्थानों पर पेड़ गिरने, बिजली आपूर्ति बाधित होने और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी सामने आई

सरोसी-परियर मार्ग पर मैनीखेड़ा गांव के पास एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर जाने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलने पर सदर एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेजकर पेड़ हटाने और यातायात जल्द बहाल कराने के निर्देश दिए। इसके बाद मार्ग को सुचारु करने का कार्य शुरू कराया गया।

शहर के बिंदा नगर स्थित पुलिस चौकी वाली गली में सोमवार शाम करीब 4:30 बजे आकाशीय बिजली गिरने से उमा देवी सिंह के मकान की छत का छज्जा क्षतिग्रस्त हो गया। तेज धमाके के साथ गिरी बिजली से घर में लगा इनवर्टर और एक पंखा भी जल गया। घटना के समय परिवार के सदस्य घर में मौजूद थे, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नही

इसके अलावा ब्रह्म नगर और अवस्थी फार्म हाउस के आसपास भी आकाशीय बिजली गिरने की सूचना मिली है। हालांकि, इन स्थानों पर किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

प्रशासन ने खराब मौसम को देखते हुए लोगों से अपील की है कि बारिश और आकाशीय बिजली के दौरान खुले स्थानों, ऊंचे पेड़ों तथा बिजली के खंभों के पास खड़े होने से बचें और सुरक्षित स्थानों पर ही रहें।

## पिता की जमीन का बेटे ने दूसरे के नाम करवा दिया एग्रीमेंट

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। युवक ने अपने पिता की जमीन का एग्रीमेंट दूसरे व्यक्ति को कर खड़ा कर कर दिया जानकारी होने पर पीड़ित ने आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत कराया ह्ललखनऊ जनपद के सी 22 कृष्ण विहार कालोनी निवासी शिवकुमार यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसे कुछ भूमि की खरीद करनी थी ।जिसके लिए उसने पुरवा क्षेत्र के गांव मझिगवां निवासी राम टहली नाम के व्यक्ति से संपर्क किया ।जिसने भूमि बेचने का काम करना बताया ।राम टहली ने अपने दामाद क्षेत्र के काजीखेड़ा निवासी व्यक्ति व उनके साथी गदोरवा निवासी युवक से संपर्क करवाया ।युवक ने अपने गांव में ही अपने पिता अनिल कुमार की दो बीघा भूमि बेचने की बात कही ।अनुज ने उक्त भूमि का 11 लाख रुपए मांगे ।जिसपर उसे अपने खाते से 11 लाख रुपए निकालकर दे दिए ।जिसके बाद उसने 10 जुलाई को कचहरी में जमीन का एग्रीमेंट कर दिया ।जब ग्रामीनो से जानकारी की गई तो पता चला कि युवक ने फर्जी कागजात तैयार कर अपने पिता अनिल कुमार की जगह दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर फर्जी एग्रीमेंट कराया था ।जिसके बाद अनुज सहित अन्य सभी से अपने रुपए वापस मांगे तो गाली गलौज कर रुपए देने से मना कर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया ।कोतवाल भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

## दुकान पर सफाई कराने गई महिला से मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप, 50 हजार रुपये छीनने की शिकायत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। एफ-84 क्षेत्र में दुकान की साफ-सफाई कराने गई एक महिला के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और रुपये से भरा पर्स छीनने का आरोप सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

बता दे कि पीड़िता के अनुसार, घटना 2 अगस्त को दिन में करीब 11 बजे लखनऊ-बांगरमऊ रोड किनारे स्थित उसकी दुकान पर हुई। वह कुछ मजदूरों के साथ दुकान की साफ-सफाई कराने पहुंची थी। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोग मौके पर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए महिलाओं के साथ अभद्रता व छेड़छाड़ करने लगे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विरोध करने पर लाठी-डंडों, बेल्ट और धारदार वस्तुओं से हमला किया गया, जिसमें पीड़िता सहित अन्य महिलाएं घायल हो गईं। एक महिला के सिर में चोट लगने के बाद उसका जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। मारपीट के दौरान एक महिला की चूड़ियां टूट गईं और उसके हाथ से खून निकलने लगा। पीड़िता का यह भी आरोप है कि वह मजदूरों को भुगतान करने के लिए अपने पर्स में 50 हजार रुपये लेकर गई थी, जिसे विवाद के दौरान आरोपी छीनकर ले गए। जाते समय शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई ।पीड़िता ने घटना का वीडियो उपलब्ध होने का दावा करते हुए पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल, पुलिस की ओर से मामले में कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है।

**हाल ही में राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए युवा आंदोलन ने नए सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर हम व्यापक दृष्टिकोण से देखें तो पुरानी पीढ़ी, जेन-जी और जेन-अल्फा के बीच यह अंतर किसी एक के पूरी तरह सही और दूसरे के गलत होने का नहीं है। यह केवल समय के साथ बहने वाली नदी की तरह है, जिसने समय की मांग के अनुसार हर मोड़ पर अपना स्वरूप बदला है। इन तीनों पीढ़ियों के बीच जो वैचारिक और व्यावहारिक खाई है, उसे किसी अंतहीन बहस, आरोप-प्रत्यारोप या आलोचना से नहीं भरा जा सकता। इसके लिए जरूरत है एक गहरी समझ और सहानुभूति की। जब ये पीढ़ियां एक-दूसरे के अंतर का सम्मान करना सीख जाएंगी, तभी हमारा समाज एक संतुलित, परिपक्व और समग्र विकास की दिशा में सही मायने में आगे बढ़ सकेगा। दूसरी ओर, इस आंदोलन के बीच कॉकरोच जनता पार्टी के अस्तित्व को भी नकारा नहीं जा सकता। चूंकि विचार के नाम पर यह पार्टी रीढ़विहीन है, इसलिए राजनीतिक रूप से हाशिए पर आ चुके दल कॉकरोच जनता पार्टी को न सिर्फ सहारा दे रहे हैं बल्कि अपने लिए भी एक छतरी तलाश कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को नीति-निर्माण में युवाओं की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करना भी जरूरी है। मंत्रालयों में युवा सलाहकार बोर्ड बदलते वक्त की जरूरत है। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...***

# पुरानी पीढ़ी से अलग है जेन-जी और अल्फा



**विश्लेषण**

डा. चन्द्र त्रिखा


वरिष्ठ स्तंभकार

यह स्वातंत्र्योत्तर भारत के इतिहास का पहला युवा-आंदोलन नहीं था। अतीत में भी जेन-जी हमारे देश के राजनीतिक पटल पर अनूठी इबारतें दर्ज करती रही है। 'सीजेपी' के बैनर तले यह अवश्य पहला ऐसा आंदोलन था जिसने युवा-संकल्प शक्ति के सामर्थ्य का परिचय दिया, लेकिन अब नए सवाल एवं नई चुनौतियां इस आंदोलन के प्रणेताओं के भी समक्ष उठने लगी हैं। पहली चुनौती इसके नाम की है। क्या 'सीजेपी' इसी नाम के साथ सक्रिय राजनीति में प्रवेश करेगी? दूसरी चुनौती, उन राजनीतिक शक्तियों की है जो आने वाली किसी भी चुनावी कवायद में 'सीजेपी' को भुनाने का प्रयास करेंगी। ऐसी शक्तियों में भी कहीं किसी भी स्तर पर मतैक्य नहीं है। ऐसी ढेरों अन्य चुनौतियां हैं जिन पर इस युवा संगठन को अन्य ऐसे ही मंचों से अपने अस्तित्व के बारे में सोचना होगा। समय का पहिया जब अपनी धुरी पर घूमता है तो वह केवल कैलेंडर के पन्ने नहीं पलटता बल्कि इंसानी सोच, समाज की संरचना और जीवन जीने के नजरिए को भी पूरी तरह से बदल देता है। आज हम जिस दौर में खड़े हैं, वह एक ऐसा ऐतिहासिक मुकाम है, जहां तीन अलग-अलग पीढ़ियां एक साथ, लेकिन बिल्कुल अलग-अलग दुनिया में जी रही हैं। एक तरफ हमारी पुरानी पीढ़ी है जिसने अभावों से शुरुआत करके स्थिरता को अपना लक्ष्य बनाया। दूसरी तरफ जेन-जी है जिसने तकनीक को अपने हाथों में खिलौने की तरह पलता हुआ देखा है। अब, सबसे नई पीढ़ी यानी जेन-अल्फा दस्तक दे चुकी है, जिसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आभासी दुनिया कोई अजूबा नहीं बल्कि उनकी सामान्य दिनचर्या का हिस्सा है। इन पीढ़ियों के बीच का अंतर केवल उम्र का नहीं है बल्कि यह अंतर उस पूरे परिवेश का है जिसने इनके दिमाग, इनकी भावनाओं और इनके जीवन मूल्यों को गढ़ा है। यह समझना बेहद दिलचस्प है कि पुरानी पीढ़ी से यह नई जेन-जी और जेन-अल्फा की पीढ़ी किन मायनों में और कितनी अलग है। तकनीक के साथ रिश्ते को ही लें तो पुरानी पीढ़ी के लिए तकनीक एक सुविधा थी जिसे उन्होंने अपनी आधी उम्र गुजारने के बाद बहुत हिचकिचाहट के साथ सीखा।

**'सीजेपी' के बैनर तले यह अवश्य पहला ऐसा आंदोलन था जिसने युवा-संकल्प शक्ति के सामर्थ्य का परिचय दिया, लेकिन अब नए सवाल एवं नई चुनौतियां इस आंदोलन के प्रणेताओं के भी समक्ष उठने लगी हैं। ऐसी ढेरों अन्य चुनौतियां हैं जिन पर इस युवा संगठन को अन्य ऐसे ही मंचों से अपने अस्तित्व के बारे में सोचना होगा। समय का पहिया जब अपनी धुरी पर घूमता है तो वह केवल कैलेंडर के पन्ने नहीं पलटता बल्कि इंसानी सोच, समाज की संरचना और जीवन जीने के नजरिए को भी पूरी तरह से बदल देता है। आज हम जिस दौर में खड़े हैं, वह एक ऐसा ऐतिहासिक मुकाम है, जहां तीन अलग-अलग पीढ़ियां एक साथ, लेकिन बिल्कुल अलग-अलग दुनिया में जी रही हैं।**

## तकनीकी बदलाव व आपसी संवाद

पुरानी पीढ़ी ने चिट्ठियों के दौर से लेकर लैंडलाइन और फिर बहुत बाद में स्मार्टफोन का सफर तय किया। इसके ठीक विपरीत, जेन-जी वह पीढ़ी है जिसे डिजिटल नेटिव कहा जाता है। उन्होंने इंटरनेट के साथ ही आंखें खोली हैं। उनके लिए दुनिया की हर जानकारी उनकी उंगलियों पर रही है। जेन-अल्फा इन सबसे भी एक कदम आगे है। यह वह पीढ़ी है जो साल दो हजार दस के बाद पैदा हुई है और जिसे एआई नेटिव कहा जा सकता है। जेन-अल्फा के बच्चे जब बोलना भी नहीं सीखे थे, तब वे स्मार्टफोन और टैबलेट की स्क्रीन को स्वाइप करना जानते थे। उनके लिए एलेक्सा, सिरी और चैटजीपीटी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाले टूल किसी इंसान की तरह ही उनके दोस्त और शिक्षक बन चुके हैं। तकनीक ने पुरानी पीढ़ी को दुनिया से जोड़ा था, जेन-जी ने तकनीक के जरिए अपनी एक अलग दुनिया बनाई, लेकिन जेन-अल्फा तकनीक के भीतर ही सांस ले रही है। इस तकनीकी बदलाव ने आपसी संवाद और भाषा के स्वरूप को भी पूरी तरह बदल कर रख दिया है। पुरानी पीढ़ी के लिए संवाद का अर्थ आमने-सामने बैठकर लंबी बातचीत करना था।




## तीनों पीढ़ियां एक-दूसरे का सम्मान करें

अगर हम एक व्यापक दृष्टिकोण से देखें तो पुरानी पीढ़ी, जेन-जी और जेन-अल्फा के बीच यह अंतर किसी एक के पूरी तरह सही और दूसरे के गलत होने का नहीं है। यह केवल समय के साथ बहने वाली नदी की तरह है, जिसने समय की मांग के अनुसार हर मोड़ पर अपना स्वरूप बदला है।

पुरानी पीढ़ी के पास अनुभव, स्थिरता, धैर्य और रिश्तों की वह गहरी गर्माहट है जिसकी आज के इस अत्यधिक तेज और आभासी दौर को सख्त जरूरत है। जेन-जी के पास रूढ़ियों से लड़ने का अदम्य साहस, वैश्विक मुद्दों के प्रति गहरी चिंता और दुनिया को एक समान नजरिए से देखने की प्रगतिशील दृष्टि है। वहीं, जेन-अल्फा भविष्य की वह असीम और अज्ञात संभावना है जो तकनीक की चरम सीमा और मानवता के मूल स्वभाव के बीच एक नया संतुलन स्थापित करने की जिम्मेदारी उठाएगी। इन तीनों पीढ़ियों के बीच जो वैचारिक और व्यावहारिक खाई है, उसे किसी अंतहीन बहस, आरोप-प्रत्यारोप या आलोचना से नहीं भरा जा सकता। इसके लिए जरूरत है एक गहरी समझ और सहानुभूति की। पुरानी पीढ़ी को यह खुले मन से स्वीकार करना होगा कि दुनिया अब उनके बनाए गए पुराने नियमों से नहीं चल सकती और नई पीढ़ियों को भी यह समझना ही होगा कि कोई भी उन्नत तकनीक जीवन के उस जमीनी अनुभव की जगह नहीं ले सकती जो पुरानी पीढ़ी ने दशकों के संघर्ष में कमाया है। जब ये पीढ़ियां एक-दूसरे के अंतर का सम्मान करना सीख जाएंगी, तभी हमारा समाज एक संतुलित, परिपक्व और समग्र विकास की दिशा में सही मायने में आगे बढ़ सकेगा।

## इंटरनेट स्लैंग और इमोजी

जेन-जी की भाषा इंटरनेट की गति से चलती है। उनके लिए एक लंबी फोन कॉल भी कई बार असुविधाजनक होती है क्योंकि वे टेक्स्ट मैसेज, वॉयस नोट्स और मीम्स के जरिए अपनी बात कहना ज्यादा पसंद करते हैं। उनकी भाषा में इंटरनेट स्लैंग और इमोजी का गहरा प्रभाव है, जहां एक छोटा सा चित्र पूरी भावना को व्यक्त कर देता है। जेन-अल्फा की संवाद शैली इससे भी अधिक दृश्य और त्वरित होने वाली है। वे ऐसी पीढ़ी हैं जो टेक्स्ट से ज्यादा वीडियो और इंटरैक्टिव माध्यमों पर निर्भर है। उनके लिए स्क्रीन पर चल रहे विजुअल्स ही उनके संवाद की प्राथमिक भाषा बन चुके हैं। इन पीढ़ियों के सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों में भी जमीन-आसमान का अंतर आ चुका है। पुरानी पीढ़ी के लिए समाज का मतलब उनका पड़ोस, उनका गांव या उनका शहर होता था। वे एक ऐसे ढांचे में पले-बढ़े जहां व्यक्ति से ज्यादा परिवार और समाज का महत्व था। लेकिन जेन-जी ने इस ढांचे को चुनौती दी है। उनके लिए समाज की कोई भौगोलिक सीमा नहीं है। वे दक्षिण कोरिया के पॉप संगीत को सुनते हैं, अमेरिकी मीम्स पर हंसते हैं और यूरोप के जलवायु अभियानों का हिस्सा बनते हैं।

## एक-दूसरे से विपरीत रवैया

भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर इन पीढ़ियों का रवैया एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत है। पुरानी पीढ़ी ने कई युद्ध, अकाल और आर्थिक मंदी के दौर देखे हैं जिसने उन्हें भीतर से बेहद कठोर और सहनशील बनाया। दुख या तनाव को चुपचाप सह लेना ही उनके लिए जीवन जीने का एकमात्र तरीका था। इसके विपरीत, जेन-जी शायद इतिहास की पहली ऐसी पीढ़ी है जो अपने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सबसे ज्यादा मुखर है। वे थेरेपी पर खुलकर बात करते हैं, अपनी कमजोरियों को छिपाने के बजाय दुनिया के साथ साझा करते हैं और अपने लिए भावनात्मक सीमाएं तय करते हैं। हालांकि, हर समय स्क्रीन से चिपके रहने और सोशल मीडिया पर एक परफेक्ट जीवन दिखाने के भारी दबाव ने जेन-जी को एंग्जायटी का शिकार भी बनाया है। जेन-अल्फा की स्थिति इस मामले में और भी जटिल है। यह वह पीढ़ी है जिसने अपने जीवन के शुरुआती और सबसे महत्वपूर्ण साल महामारी के कारण घर की चारदीवारी में बिताए हैं। उनका स्क्रीन टाइम बहुत अधिक है और असली इंसानी रिश्तों से उनका जुड़ाव कम होता जा रहा है जो उनके मनोवैज्ञानिक विकास के लिए भविष्य की बड़ी चुनौती बनने वाला है।

# प्रेशर ग्रुप की भांति कार्य करे कॉकरोच जनता पार्टी



**उम्मीद**

चरण जीत चरण

स्वतंत्र पत्रकार

भारत में संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू होने के बाद देश के लोगों को यह अधिकार मिला कि वे अपना प्रतिनिधि चुन सकें। इस व्यवस्था को साधने के लिए एक तरफ जहाँ कुछ सामाजिक कार्यकर्ता देश सेवा की भावना से राजनीति में आए तो वहीं कुछ सत्ता लोलुप भी इस प्रक्रिया का फायदा उठाने के लिए राजनीति में आए। कुछ पहले से बने हुए दलों में शामिल हुए, जबकि कुछ ने जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा,और विचार के आधार पर राजनीतिक पार्टियां बना लीं। उस वक्त चूंकि देश गुलामी के दलदल से निकला था इसलिए भारतीय मतदाता इतना परिपक्व नहीं था कि राष्ट्र के मुद्दों को सर्वोपरि रखकर अपना मत व्यक्त कर सके। भारतीय मतदाता की इसी कमजोरी का फायदा उठाते हुए भारत में हजारों की संख्या में राजनीतिक दलों का उदय हुआ। इनमें से अधिकतर विचारधारा के अभाव में नष्ट हो गए। कुछ ने क्षेत्रीय पार्टी का रूप ले लिया। कुछ ने राज्यों की सत्ता हथिया ली। कुछ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहे। पिछले दो दशकों में जबसे सोशल मीडिया का प्रादुर्भाव हुआ है, तब से ही कई दल बने और नष्ट हुए हैं।

### कॉकरोच जनता पार्टी का उदय

कॉकरोच जनता पार्टी सोशल मीडिया की सीलन भरी उस आभासी दुनिया की उपज है, जहां मात्र कुछ सेकंड की एक रील वायरल होने पर किसी व्यक्ति को रातों-रात स्टार बना सकती है। किसी को रातों-रात बदनाम करके उसकी जिंदगी तबाह कर सकती है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश की एक साधारण टिप्पणी में निहित एक शब्द को लेकर बनाया गया एक सोशल मीडिया अकाउंट इतना वायरल हुआ कि उस पर फ़ॉलोअर्स की बाढ़ आ गई और रातों-रात मिलियन्स लोग एक इंस्टाग्राम अकाउंट से जुड़ गए। इस तरह से एक ऐसे प्लेटफॉर्म का जन्म हो गया, जहां देश के जेन-जी को अपनी बात रखने का मौका मिला। चूंकि विचार के नाम पर यह पार्टी रीढ़विहीन है इसलिए राजनीतिक रूप से हाशिए पर आ चुके दल कॉकरोच जनता पार्टी को न सिर्फ सहारा दे रहे हैं बल्कि अपने लिए भी एक छतरी तलाश कर रहे हैं। जेन-जी के नाम पर देश की युवा पीढ़ी को हथियार बनाकर पहले से स्थापित राजनीतिक दल अपनी रोटियां सेक रहे हैं। फिलहाल सरकार से एक मुद्दे पर अपनी मांगें मनवाने में सफल हो जाने वाली सीजेपी के सामने अब सबसे बड़ा संकट अपने अस्तित्व को बचाना और अपने उद्देश्य को स्थापित करना है

**कॉकरोच जनता पार्टी स्वयं को जेन-जी के प्रतिनिधि के रूप में पेश करती है इसलिए उसके मुद्दे भी छात्रों से जुड़े हुए हैं। ऐसे मुद्दों से सरकार पर दबाव तो बनाया जा सकता है, लेकिन एक राजनीतिक दल के रूप में अपनी पहचान बनाना बहुत मुश्किल है।**

### सीजेपी की विचारधारा

भारतीय राजनीति में केवल दो ही पार्टियां ऐसी हैं जो एक निश्चित विचारधारा से जुडी हुई हैं। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद को अपना प्रमुख एजेंडा मानती है। कांग्रेस धर्मनिरपेक्षता को अपनी प्रमुख विचारधारा मानती है। बाकी सभी पार्टियां जाति, धर्म, क्षेत्र, या भाषा के नाम पर अपना पोषण करती हैं। कॉकरोच जनता पार्टी स्वयं को जेन-जी के प्रतिनिधि के रूप में पेश करती है इसलिए उसके मुद्दे भी छात्रों से जुड़े हुए हैं। इनमें शिक्षा में सुधार, पेपर लीक, रोजगार के बेहतर विकल्प जैसे मुद्दे शामिल है। ऐसे मुद्दो से सरकार पर दबाव तो बनाया जा सकता है लेकिन एक राजनीतिक दल के रूप में अपनी पहचान बनाना बहुत मुश्किल है।

### क्या है पार्टी का भविष्य एवं विकल्प

कॉकरोच जनता पार्टी का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि वह आने वाले समय में किन मुद्दो पर राजनीति करती है। अगर कॉकरोच जनता पार्टी भी अन्य दलों की भांति चुनावी राजनीति में कदम रखती है तो उसे अपने मुद्दे,उद्देश्य और विचार देश की जनता के सामने स्पष्ट करने होंगे। वर्ना बहुत सारे अन्य दलों की तरह वह भी चुनाव चिन्हों की भीड़ में एक सिम्बल मात्र बनकर रह जाएगी। सीजेपी के पास सबसे बेहतर विकल्प तो यही है कि वह एक प्रेशर ग्रुप की भांति कार्य करे। देश में समस्याओं और मुद्दो की कमी नही है। जिस तरह से पेपर लीक के मामले को राष्ट्रीय मुद्दा बनाकर मंत्री का इस्तीफा कराना और एक बेहतर कानून बनाने के लिए सरकार को मजबूर करना ये किसी अन्य राजनीतिक दल के बस का काम नहीं था। देश की युवा शक्ति ने यह कर दिखाया है। एक और बड़ी चुनौती सीजेपी के सामने किसी भी राजनीतिक दल के द्वारा इस्तेमाल होने की है। आज जो पार्टियां अपनी प्रासंगिकता खोती जा रही हैं, वे किसी भी तरह के समझौते के लिए तैयार हो जाती हैं, उनसे बचने की जरूरत है। कॉकरोच की सबसे बड़ी खूबी ये है कि वह सबसे विपरीत परिस्थितियों में सर्वाइव कर सकता है। वहीं, उसका सबसे बड़ा दुर्गुण ये है कि वह खाता कम है खराब अधिक करता है। पहला गुण अच्छा है, लेकिन दूसरे से बचना होगा। मतलब सीधा सा है कि युवा पीढ़ी के वास्तविक मुद्दों को उठाना, उनके लिए संघर्ष करना, सरकारों को बेहतर विकल्प देने के लिए मजबूर करना, देश की युवा पीढ़ी के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कार्य करना। इस सोच के साथ जब तक कॉकरोच जनता पार्टी आगे बढ़ती रहेगी उसे जनता और युवाओं का समर्थन मिलता रहेगा, वर्ना एक बार विश्वास उठने के बाद फिर से खड़ा होना बहुत मुश्किल है।

# असहमति की भाषा संवाद के रास्ते खुले रखे



**मंथन**

विनीत पाण्डेय

वरिष्ठ पत्रकार

दिल्ली का जंतर-मंतर लंबे समय से लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का एक महत्वपूर्ण स्थल रहा है। यहां समय-समय पर विभिन्न वर्गों ने अपनी मांगों, असहमतियों और अपेक्षाओं को सामने रखा है। हाल के एक आंदोलन के दौरान भी जंतर-मंतर पर बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति देखने को मिली। इस आंदोलन की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि इसमें शामिल जेन जी ने अपने व्यक्तित्व के अनेक रंग प्रस्तुत किए। एक ओर ऐसे युवा थे जो अपने तर्कों और मांगों को पूरी गंभीरता के साथ रख रहे थे, वहीं दूसरी ओर कुछ युवाओं की भाषा, नारे और प्रस्तुति शैली ने अलग कारणों से ध्यान आकर्षित किया। उनकी भाषा कई लोगों को अटपटी, अनगढ़ या असामान्य लगी।

यह स्थिति केवल किसी एक आंदोलन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बदलते सामाजिक और डिजिटल परिवेश का भी संकेत देती है। आज की पीढ़ी का एक बड़ा हिस्सा सोशल मीडिया और रील्स के बीच बड़ा हुआ है। उसकी भाषा में मीम, इंटरनेट स्लैंग, व्यंग्य और लोकप्रिय सांस्कृतिक संदर्भ सहज रूप से शामिल हो गए हैं। इसलिए जब यह पीढ़ी सड़कों पर उतरती है, तो उसकी अभिव्यक्ति भी पारंपरिक आंदोलनों से अलग दिखाई देती है। हालांकि यह भी उतना ही सच है कि जेन जी को केवल उसकी भाषा से नहीं समझा जा सकता। हाल के आंदोलन में अनेक युवा ऐसे भी थे जो तथ्यों के साथ अपने अधिकारों, भविष्य और नीतिगत प्रश्नों पर गंभीर चर्चा कर रहे थे। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस पीढ़ी के भीतर संवेदनशीलता और सामाजिक चेतना का भी एक मजबूत पक्ष मौजूद है। इसके विपरीत, कुछ सोशल मीडिया क्लिप्स में ऐसे नारे, टिप्पणियां और संवाद भी सामने आए जिनमें अत्यधिक अनौपचारिक भाषा, कटाक्ष या वायरल होने की प्रवृत्ति दिखाई दी। कई बार ऐसा लगा कि कुछ प्रतिभागी आंदोलन के मूल उद्देश्य से अधिक कैमरे की उपस्थिति के प्रति सजग हैं। यह प्रवृत्ति केवल भारत तक सीमित नहीं है। किसी पोस्टर की रचनात्मकता, किसी नारे की चुटीली पंक्ति या किसी छोटे वीडियो का वायरल होना कई बार आंदोलन के मूल मुद्दे से भी अधिक चर्चा का विषय बन जाता है। उदाहरण के लिए 2019 के हांगकांग आंदोलन में युवाओं ने डिजिटल तकनीक, ऑनलाइन मंचों और रचनात्मक पोस्टरों का व्यापक उपयोग किया।

वहीं, अमेरिका के ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन में जेन जी ने सोशल मीडिया द्वारा जनसमर्थन जुटाने में बड़ी भूमिका निभाई। हर बार यह सवाल भी उठा कि क्या आंदोलन का संदेश अधिक महत्वपूर्ण है या उसकी सोशल मीडिया प्रस्तुति? जेन जी की भाषा को समझने के लिए यह भी ध्यान रखना होगा कि भाषा हमेशा समाज के साथ बदलती है। जिस भाषा को एक पीढ़ी सहज मानती है, दूसरी पीढ़ी उसे असामान्य या असभ्य समझ सकती है। यह पीढ़ियों के बीच का स्वाभाविक अंतर है। लेकिन लोकतांत्रिक आंदोलनों में भाषा का महत्व इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि वही आंदोलन की नैतिक शक्ति और विश्वसनीयता का आधार बनती है। यदि भाषा अत्यधिक आक्रामक, अपमानजनक या असंगत हो जाए, तो आंदोलन के वास्तविक मुद्दे पीछे छूट सकते हैं और चर्चा केवल शैली तक सीमित रह जाती है। सोशल मीडिया ने युवाओं को अभिव्यक्ति का अभूतपूर्व मंच दिया है। इसके सकारात्मक परिणाम भी हैं।

आज कोई भी युवा अपनी बात लाखों लोगों तक पहुंचा सकता है, तथ्यों को साझा कर सकता है और जनसमर्थन जुटा सकता है। इसी माध्यम ने त्वरित लोकप्रियता की चाह भी बढ़ाई है। कई बार कुछ लोग गंभीर विषयों को भी मनोरंजन या वायरल सामग्री में बदल देते हैं। आंदोलन जैसे गंभीर लोकतांत्रिक माध्यम में यह प्रवृत्ति सावधानी की मांग करती है। लोकतंत्र में विरोध और असहमति दोनों आवश्यक हैं, लेकिन उतना ही आवश्यक यह भी है कि असहमति की भाषा ऐसी हो जो संवाद के रास्ते खुले रखे।

प्रभावशाली आंदोलन केवल भीड़ से नहीं, बल्कि विचार, अनुशासन और विश्वसनीय संवाद से मजबूत बनते हैं। हर पीढ़ी अपनी भाषा लेकर आती है, लेकिन लोकतंत्र की भाषा अंततः वही होती है जिसमें मतभेद के साथ मर्यादा, विरोध के साथ विवेक और उत्साह के साथ उत्तरदायित्व भी शामिल हो।




**जंतर-मंतर पर हाल के आंदोलन ने यह स्पष्ट कर दिया कि जेन-जी एकरूप नहीं है। इस पीढ़ी में गंभीर चिंतन करने वाले युवा भी हैं, तकनीक का रचनात्मक उपयोग करने वाले भी हैं और ऐसे लोग भी हैं जो अपनी अभिव्यक्ति में अत्यधिक अनौपचारिक या सनसनीखेज शैली अपनाते हैं।**

# सह-भागीदारी का मार्ग अपनाए सरकार



**व्यवस्था**

डॉ. पवन कुमार शर्मा

स्वतंत्र पत्रकार

डिजिटल युग में पले-बढ़े युवाओं की पीढ़ी 'जेन-जी' आज केवल सोशल मीडिया की प्रवृत्ति तय नहीं कर रही बल्कि वैश्विक स्तर पर सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विमर्श को भी आकार दे रही है। भारत से लेकर नेपाल, बांग्लादेश और कई अन्य देशों तक, जेन-जी के नेतृत्व में हो रहे जन-आंदोलन और उनकी मांगों ने सत्ता संरचनाओं को सोचने पर मजबूर कर दिया है। सवाल यह उठता है कि आखिर यह पीढ़ी सरकार और उसकी व्यवस्था से असहज या नाराज क्यों है? और ऐसा क्या किया जाना चाहिए जिससे युवा स्वयं को शासन प्रक्रिया का हिस्सा महसूस कर सकें?

जेन-जी की नाराजगी का प्रमुख कारण 'शिक्षित बेरोजगारी' और गिग इकोनॉमी की असुरक्षा है। पारंपरिक नौकरियों के अवसर सीमित हो रहे हैं और जो नए रोजगार जैसे गिग इकोनॉमी या डिलीवरी, राइड-शेयरिंग जॉब्स पैदा हो रहे हैं; उनमें सामाजिक सुरक्षा, पेंशन या दीर्घकालिक स्थिरता का अभाव है। कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं नीट, यूपीएससी, एसएससी, सीयूईटी की तैयारी में जीवन के कई वर्ष बिताने के बावजूद पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने और अदालती मुकदमों के कारण भर्तियों में देरी युवाओं के धैर्य को तोड़ रही है। पारंपरिक राजनीति और संवादहीनता भी इस नाराजगी का बड़ा कारण है। जब सरकारें युवाओं के मुद्दों पर सीधे संवाद करने के बजाय सोशल मीडिया ट्रोलिंग और प्रतिबंधों का सहारा लेती हैं तो युवाओं को लगता है कि उनकी आवाज को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य, प्रतिस्पर्धा और भविष्य की अनिश्चितता भी एक बड़ी वजह है। कोचिंग संस्कृति के बढ़ते दबाव, आर्थिक असमानता और जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों को लेकर इस पीढ़ी में चिंता और अनिश्चितता का माहौल है। नीतियां बनाते समय युवाओं के भविष्य और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी वास्तविक चिंताओं की अनदेखी हो रही है। प्रशासनिक पारदर्शिता का अभाव भी जेन-जी की नाराजगी बढ़ाता है। यह पीढ़ी 'इंस्टेंट फीडबैक' और 'रीयल-टाइम ट्रांसपेरेंसी' के दौर में बढ़ी हुई है। जब उन्हें सरकारी दफ्तरों में लालफीताशाही, भ्रष्टाचार और अपारदर्शी निर्णय प्रक्रिया दिखती है तो उनका तंत्र से भरोसा उठने लगता है। आज के युवा का भरोसा जीतने के लिए सरकारों को नीति व कामकाज में आवश्यक बदलाव लाना होगा और सह-भागीदारी का मार्ग अपनाना होगा। यदि सरकारें युवाओं को केवल 'वोट बैंक' या नीतिगत निर्णयों का 'लाभार्थी' मानने के बजाय 'सह-निर्माता' के रूप में देखना चाहती है तो उसे ढांचागत बदलाव करने होंगे। परीक्षा और रोजगार प्रणाली में आमूलचूल सुधार लाना होगा। एक पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती ढांचे की सख्त जरूरत है। भर्ती प्रक्रियाओं के लिए एक राष्ट्रीय कैलेंडर और भ्रष्टाचार-मुक्त डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली अनिवार्य की जानी चाहिए। पेपर लीक जैसे अपराधों पर कठोर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई दिखती नजर आनी चाहिए। भविष्य-उन्मुख कौशल और नौकरियों के लिए युवाओं को सक्षम बनाने की जरूरत है। केवल सरकारी नौकरियों के भरोसे रहने की बजाय एआई, डेटा साइंस, ग्रीन एनर्जी और क्रिएटर इकोनॉमी जैसे उभरते क्षेत्रों में युवाओं को तैयार किया जाए और गिग-वर्कर्स के लिए न्यूनतम वेतन व सामाजिक सुरक्षा कानून बनाए जाएं। जेन-जी की विचारशैली को डिकोड करने के लिए 'डिजिटल लोकतंत्र' और प्रत्यक्ष संवाद की जरूरत है। युवा संसद और ओपन डेटा पोर्टल इस दिशा में कारगर उपाय हैं। सरकार को नीति निर्माण से पहले युवाओं से सीधे सुझाव लेने के लिए आधुनिक प्लेटफॉर्म युवा-समीक्षा पोर्टल एवं एप्स बनाए जाएं। युवाओं के साथ सीधा और सच्चा संवाद जरूरी है। सरकार के नीति-निर्माताओं, और नौकरशाहों को विश्वविद्यालयों और स्टार्ट-अप हब्स में जाकर युवाओं के सवालों का जवाब देना चाहिए। नीति-निर्माण में युवाओं की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करना भी जरूरी है। मंत्रालयों में युवा सलाहकार बोर्ड बदलते वक्त की जरूरत हैं। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल और छात्र आत्महत्याओं जैसी त्रासदियों से निपटने के लिए काउंसलिंग के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाना आवश्यक है और कोचिंग संस्थानों के अनियंत्रित व्यावसायीकरण पर नकेल कसना जरूरी है।



**जेन-जी की नाराजगी का प्रमुख कारण 'शिक्षित बेरोजगारी' और गिग इकोनॉमी की असुरक्षा है। पारंपरिक नौकरियों के अवसर सीमित हो रहे हैं और जो नए रोजगार जैसे गिग इकोनॉमी या डिलीवरी, राइड-शेयरिंग जॉब्स पैदा हो रहे हैं; उनमें सामाजिक सुरक्षा, पेंशन या दीर्घकालिक स्थिरता का अभाव है।**

संक्षेप

## युवक की डंडे से पीटकर हत्या

**रुपए का लेन-देन बनी वजह, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

अमेठी ,पैसे के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक युवक की डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। घटना शनिवार रात करीब 11:30 बजे हुई। पुलिस ने रविवार को पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मामला पीपरपुर थाना क्षेत्र के विक्रमपुर मजरे अमयेमाफी गांव का है। लखीमपुर जिले के थाना सारदा नगर इलाके के हजारीया निवासी पिता केशवराम ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें आरोप लगाया कि गांव विक्रमपुर मजरे अमयेमाफी निवासी नन्हे कोरी ने उनके बेटे रामसागर पर लकड़ी के मोटे डंडे से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल रामसागर की मौके पर ही मौत हो गई। पुरानी रंजिश और लेन-देन को लेकर था विवापुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों के बीच पहले से रंजिश चली आ रही थी। इसके अलावा पैसे के लेन-देन और खाने-पीने को लेकर हुई कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने हमला कर दिया। हत्या का मुकदमा दर्ज, आरोपी की तलाश जारी पिता की तहरीर के आधार पर पीपरपुर थाना पुलिस ने आरोपी नन्हे कोरी पुत्र स्वर्गीय कल्लू राम कोरी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।दबिश दे रही पुलिस, क्षेत्र में शांतिघटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। थाना प्रभारी अरुण मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला पुरानी रंजिश और आपसी विवाद से जुड़ा प्रतीत होता है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## नुक्कड़ नाटक और रैली से दिया नशा मुक्ति का संदेश

**युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश**

अमेठी ,रविवार दोपहर दो बजे बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के सैटेलाइट केंद्र टीकरमाफी में एनएसएस स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति का अलख जगाया। नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान₹ के तहत नुक्कड़ नाटक, रैली और पोस्टर प्रदर्शनी के जरिए 200 से अधिक लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताए गए। नशे को जड़ से खत्म करने के संकल्प के साथ बीबीएयू के सैटेलाइट केंद्र टीकरमाफी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सड़कों पर उतरे। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शंकर लाल द्वारा नशा मुक्ति शपथ के साथ हुआ। नशे से दूर रहने की अपील इसके बाद स्वयंसेवकों ने मोईन खान के निर्देशन में नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के बाद सैटेलाइट केंद्र से टीकरमाफी पुलिस चौकी और बाजार तक जागरूकता रैली निकाली गई। बाजार में भी नुक्कड़ नाटक कर लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की गई। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने ₹नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो₹ जैसे नारे लगाए।

# अपने माता-पिता को समर्पित साप्ताहिक बाल रोग विशेषज्ञ ओपीडी शुरू

**अब ग्रामीण बच्चों को घर के पास मिलेगी विशेषज्ञ चिकित्सा**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद गोंडा के इटियाथोक क्षेत्र के निवासी एवं प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय कुमार शुक्ला ने अपने माता-पिता को समर्पित करते हुए मातृत्व हेल्थ क्लीनिक, मिश्रा कॉम्प्लेक्स, बाबागंज मोड़, इटियाथोक में प्रत्येक रविवार प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक साप्ताहिक बाल रोग विशेषज्ञ ओपीडी सेवा प्रारंभ की है। इस पहल से इटियाथोक एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को घर के निकट ही विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। डॉ. विनय कुमार शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी महसूस की जा रही थी। छोटी-छोटी लेकिन गंभीर समस्याओं के इलाज के लिए भी परिजनों को गोंडा या लखनऊ जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी तथा कई बार बच्चों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ता था। इसी आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने अपने गृह क्षेत्र में यह सेवा अपने माता-पिता को समर्पित करते हुए शुरू की है। इटियाथोक क्षेत्र में इस प्रकार की विशेषज्ञ सेवा उपलब्ध कराने वाले वे पहले चिकित्सक हैं। डॉ. विनय शुक्ला नवजात शिशु रोग, बाल रोग तथा बाल रुधिर एवं कैंसर रोग (पीडियाट्रिक हीमेटोलॉजी एवं ऑन्कोलॉजी) विशेषज्ञ हैं। वर्तमान में वे इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च, लखनऊ के बाल रोग विभाग में सह आचार्य के पद पर कार्यरत हैं तथा बच्चों के उपचार का सात वर्षों का अनुभव रखते हैं। उन्होंने एमबीबीएस की शिक्षा किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ से प्राप्त की, इसके बाद बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर से एमडी (बाल रोग) किया तथा पुनः केजीएमयू, लखनऊ से पीडियाट्रिक हीमेटोलॉजी एवं ऑन्कोलॉजी में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि सोमवार से शनिवार तक सायं 4:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक वे मातृत्व चाइल्ड मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक, लोनापुर मार्केट, एसटीपी चौराहा, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ में भी अपनी सेवाएं देते हैं। दोनों केंद्रों पर नवजात शिशुओं से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध रहेगा। यहां नवजात शिशुओं की देखभाल, समयपूर्व जन्मे एवं कम वजन वाले बच्चों का उपचार, टीकाकरण, बच्चों की वृद्धि एवं विकास का मूल्यांकन, पोषण परामर्श, अस्थमा एवं एलर्जी, बार-बार होने वाले संक्रमण, एनीमिया, थैलेसीमिया, रक्त संबंधी बीमारियों तथा बच्चों में होने वाले कैंसर संबंधी रोगों के विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# मोतीपुर तहसील को मिली नई एसडीएम

**एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने संभाला कार्यभार**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। जनपद बहराइच की मोतीपुर तहसील को नई प्रशासनिक ऊर्जा मिली है। मंगलवार को नवागत उपजिलाधिकारी (एसडीएम) मोनालिसा जौहरी ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर अपनी जिम्मेदारियां संभाल लीं। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि उनकी प्राथमिकता पारदर्शी प्रशासन, त्वरित जनसुनवाई और जनता को समयबद्ध न्याय दिलाना होगी। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने तहसील परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न शाखाओं और कार्यालयों में पहुंचकर अभिलेखों, लंबित प्रकरणों एवं कार्यालयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य निष्पक्षता, पारदर्शिता और तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और न्यायसंगत निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कर्मचारियों से फरियादियों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही प्रशासन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समय से और बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। साथ ही तहसील की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और जनहितैषी बनाने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने को कहा। मोतीपुर तहसील में एसडीएम मोनालिसा जौहरी के कार्यभार ग्रहण करने से क्षेत्र के लोगों को पारदर्शी, संवेदनशील और सक्रिय प्रशासन की नई उम्मीद जगी है।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, 4 चोरियों का खुलासा

**ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पुलिस ने लाखों का सामान बरामद किया**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत थाना बाजारशुक्ल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर 4 चोरियों का खुलासा किया है। इनके पास से 65 हजार नगदी, जेवर और एक पिकअप वाहन समेत लाखों का अन्य सामान बरामद हुआ है। अमेठी में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत बाजारशुक्ल थाना पुलिस सक्रिय थी। थानाध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम को देर रात दो बजे मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लोग पिकअप वाहन के साथ खड़े हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और दो अभियुक्तों छेदी उर्फ अर्जुन पुत्र नत्था निवासी गांधी नगर मजरे पालपुर थाना जगदीशपुर और नरेन्द्र कुमार पुत्र दयाराम निवासी भाऊपुर मजरे गयासपुर को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, एक अन्य अभियुक्त निर्मल निवासी गांधी नगर मौके से भागने में सफल रहा।

# 126 दिव्यांगजनों का परीक्षण करके किया गया पंजीकरण

**मोटराइज्ड ट्राई-साईकिल प्राप्त करने हेतु किया गया परीक्षण**

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। मंगलवार को विकासखंड परिसर बलहा में मोटराइज्ड ट्राई-साईकिल प्राप्त करने हेतु आयोजित परीक्षण शिविर में भारत सरकार के उपक्रम एलिम्को, कानपुर की विशेषज्ञ टीम द्वारा 126 दिव्यांगजनों का परीक्षण करके पंजीकरण किया गया। इन दिव्यांगजनों को परीक्षण शिविरों के समापन के कुछ माह बाद मोटराइज्ड ट्राई-साईकिल से लाभान्वित किया जायेगा। जिला प्रशासन के सहयोग से 03 अगस्त 2026 से 08 अगस्त 2026 तक चिन्हित विकासखण्ड परिसरों में 80% या अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई-साईकिल प्रदान किये जाने हेतु परीक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। बुधवार दिनांक 05 अगस्त 2026 को विकासखण्ड परिसर महसी में परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ० अजीत कुमार जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बहराइच ने बताया कि समस्त दिव्यांगजनों एवं उनके हितार्थ कार्यरत समस्त व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि इन शिविरों में अपने समस्त अभिलेखों जैसे कि आधार कार्ड, 80 प्रतिशत का दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं गरीबी रेखा का

# भारी बारिश से जलभराव

**लखनऊ मेन रोड पर जलभराव, लखनऊ रोड से घासीगंज तक जलभराव; घरों में घुसा पानी**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , शहर में दोपहर करीब 2 बजे हुई करीब एक घंटे की तेज बारिश से आधा दर्जन से अधिक मोहल्लों में जलभराव हो गया। लखनऊ रोड पर नगर पालिका की ओर से कराए जा रहे नाला निर्माण के अधूरे कार्यों के कारण घंटों तक पानी भरा रहा। इससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हुई और कई लोगों के कपड़े तक खराब हो गए। घरों में घुसा बारिश का पानी घासीगंज कर्बला से दरगाह हजरत अब्बास जाने वाले मार्ग पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत हुई। जलभराव के कारण दर्जनों घरों में बारिश का पानी घुस गया और कई परिवार घरों में ही रहने को मजबूर हो गए। खैराबाद, दरियापुर और डिहवा समेत कई इलाकों में भी सड़कों पर पानी भरने से जनजीवन प्रभावित रहा। जलनिकासी व्यवस्था पर उठे सवाल तेज बारिश के बाद शहर की कई नालियां ओवरफ्लो हो गईं, जिससे बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया। जलभराव के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था पर्याप्त नहीं होने के कारण हर बारिश में ऐसी स्थिति बन जाती है। ग्रामीण इलाको में भी हुई झमाझम बारिश शहर के अलावा

# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रेलर

**केबिन में फंसे ड्राइवर-खलासी को ग्रामीणों ने निकाला, झपकी आने की आशंका**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , भेटुआ क्षेत्र में देर रात एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक और खलासी ट्रेलर के केबिन में फंस गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेटुआ भेजा। दोनों को मामूली चोटें आई हैं। परतोष पुलिस चौकी प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने बताया कि हादसा देर रात करीब 1:30 बजे हुआ। रायबरेली की ओर से आ रहा ट्रेलर ममता स्टील फैक्ट्री से लगभग 200 मीटर पहले अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। प्रारंभिक जांच में चालक को नींद की झपकी आने के कारण दुर्घटना होने की आशंका जताई जा रही है। ट्रेलर फतेहपुर जनपद के असौधर थाना क्षेत्र के सातों गांव निवासी मोनू पुत्र कृपाल चला रहा था। उसके साथ खलासी योगेंद्र सिंह पुत्र चंद्रभूषण, निवासी महेशपुर, थाना हुसैनगंज, जनपद फतेहपुर भी मौजूद थे। हादसे के बाद दोनों वाहन के केबिन में फंस गए। आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद चालक व खलासी को बाहर निकाला। इसके बाद दोनों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी भेटुआ पहुंचाया गया। चौकी प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने बताया कि दुर्घटना में चालक और खलासी दोनों को मामूली चोटें आई हैं। उनके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# एनेस्थेसियोलॉजिस्ट ने डॉक्टर पत्नी का न्यूड वीडियो बनाया

**ब्लैकमेल कर 32 लाख की फॉर्च्यूनर ली, धोखे से की दूसरी शादी**

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर , शाहपुर इलाके में रहने वाली 35 साल की डॉक्टर ने अपने पति और ससुराल के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। डॉक्टर ने बताया कि पति बेहोशी के डॉक्टर (एनेस्थेसियोलॉजिस्ट) हैं। 7 साल पहले शादी हुई थी। इसके बाद फॉर्च्यूनर की डिमांड करने लगे। उन्होंने नशीला पदार्थ खिलाकर मुझे बेहोश कर दिया। फिर मेरी न्यूड फोटो-वीडियो बनाकर मुझे ब्लैकमेल कर 32.50 लाख रुपये फॉर्च्यूनर खरीदने की खातिर लिए। आरोप लगाया कि वह अय्याश किस्म के हैं। कई लड़कियों से संबंध भी हैं। मुझे बिना तलाक दिए दूसरी शादी भी कर ली। विरोध करने पर सास-ससुर और ननद के साथ मिलकर पति ने मुझपर जानलेवा हमला भी किया था। किसी तरह मेरी जान बची। शाहपुर में रहने वाली महिला डॉक्टर वर्तमान में बस्ती में तैनात हैं। तहरीर के आधार पर शाहपुर थाने में पति, सास-ससुर और ननद के खिलाफ हत्या का प्रयास, बिना तलाक के दूसरी शादी, मारपीट और दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। शाहपुर इलाके की रहने वाली महिला डॉक्टर की शादी 29 नवंबर 2019 छत्तीसगढ़ के पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में रहने वाले बेहोशी के डॉक्टर से हुई थी। महिला डॉक्टर ने बताया कि 30 नवंबर को विदा होकर छत्तीसगढ़ ससुराल चली गई। पिता इंजीनियर हैं, महिला डॉक्टर उनकी इकलौती बेटी हैं। इसलिए शादी में 50 लाख रुपये खर्च किया। महिला डॉक्टर का आरोप है कि ससुराल में पहले ही दिन से ताना मारा जाने लगा, कि इंजीनियर पिता की इकलौती बेटी होने के बाद भी फॉर्च्यूनर कार नहीं दे पाए। इस तरह वहां रोज मुझसे पति भी फॉर्च्यूनर खरीदने के लिए पैसे मांगने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर पति के साथ ही सास-ससुर और ननद प्रताड़ित करने लगे। पति आए दिन कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाकर बेहोश कर देते थे। इसके बाद न्यूड कर मेरा वीडियो बनाते थे। वह वीडियो दिखाकर मुझे ब्लैकमेल करने लगे। बोलते थे कि पैसे का इंतजाम नहीं करोगी तो, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा। कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगी। महिला डॉक्टर ने यह बात अपने माता पिता से बताई। उन्होंने शादी बचाने के लिए 28 मार्च 2022 को पैसे का इंतजाम कर फॉर्च्यूनर खरीदने के लिए 32.50 लाख रुपये ससुराल वालों को दिए। महिला डॉक्टर को 14 अप्रैल 2022 को बेटा पैदा हुआ। आरोप है कि इसके बाद भी पति के आदत में बदलाव नहीं आया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**मजदूर ढूंढने निकले व्यक्ति की हुई पहचान, एक साल के बेटे का पिता था**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर ,अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 28 वर्षीय अमरपाल के रूप में हुई है। वह सोमवार शाम सात बजे मजदूर ढूंढने के लिए घर से निकले थे। पुवायां थाना क्षेत्र के चैना रूरिया गांव निवासी अमरपाल ठेकेदारी का काम करते थे। सोमवार शाम करीब सात बजे वह बाइक से सिंधौली थाना क्षेत्र के कलुआपुर गौटिया गांव मजदूर ढूंढने जा रहे थे। देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच सिंधौली थाना क्षेत्र के सौहरा पुल के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमरपाल सड़क पर गिर गए और काफी देर तक वहीं पड़े रहे। रात करीब एक बजे एक राहगीर ने पुलिस को घायल व्यक्ति के बारे में सूचना दी। सिधौली पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से अमरपाल को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सिधौली पुलिस ने मृतक की पहचान कर उनके परिवार को सूचित किया। अमरपाल के परिवार में उनकी पत्नी पिंकी और एक साल का बेटा है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सिंधौली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हुई है। मृतक की पहचान कर परिवार को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# रास्ता हटाने के विवाद में युवक पर हमला

**बाजार जाते समय रॉड से मारा, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,कुंडा में रास्ता हटाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 30 जुलाई की शाम की है, जब जमेठी गांव निवासी 47 वर्षीय प्रियव्रत सिंह बच्चों के साथ कार से बाजार जा रहे थे। मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रियव्रत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रेरुआ बाग के पास गांव के अमरीश मौर्य और दो अन्य लोग सड़क पर खड़े थे। रास्ता बाधित होने पर उन्होंने उन्हें हटने के लिए कहा, जिस पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। रॉड से हमले में हाथ की उंगलियों में फ्रैक्चर पीड़ित के अनुसार, जब वह कार से नीचे उतरे तो अमरीश मौर्य ने लोहे की रॉड से उनके हाथ पर हमला कर दिया। हमले में उनके हाथ की उंगलियों में गंभीर चोट आई और फ्रैक्चर हो गया। एक नामजद, दो अज्ञात के खिलाफ केस घटना के बाद प्रियव्रत सिंह ने कुंडा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अमरीश मौर्य को नामजद करते हुए दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क जाम और पुलिस से अभद्रता मामले में 2 गिरफ्तार

**बुजुर्ग की मौत के बाद शव रखकर किया था हंगामा, 67 पर दर्ज हुआ था केस**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,जेठवारा थाना क्षेत्र में सड़क जाम करने और पुलिसकर्मियों से अभद्रता करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कानूपुर गांव में सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत के बाद ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर हंगामा किया था। पुलिस ने इस मामले में सरकारी कार्य में बाधा डालने और लोक व्यवस्था भंग करने के आरोप में कार्रवाई की है। यह मामला 31 जुलाई 2026 का है। कानूपुर गांव निवासी रामाश्रय विश्वकर्मा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और अन्य लोगों ने शव को प्रतापगढ़-लालगोपालगंज मुख्य मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया था। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह ठप हो गया था। पुलिस से कहासुनी के बाद बढ़ा था विवाद जाम की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज और अभद्रता की। पुलिस का आरोप है कि कुछ लोगों ने हाथापाई का प्रयास भी किया और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई। हंगामे के कारण 108 एंबुलेंस के आवागमन में भी परेशानी हुई थी।

### 67 लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ था मुकदमा

मामले में जेठवारा पुलिस ने कुल 67 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच और कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नामजद आरोपी राम सिंह और अशोक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे रामाश्रय विश्वकर्मा की मौत के बाद ग्रामीणों के साथ शव को सड़क पर रखकर जाम में शामिल हुए थे। पुलिस द्वारा जाम समाप्त कराने के प्रयास का उन्होंने विरोध किया था।

## संक्षेप

### कांवड़ यात्रा को लेकर 12 अगस्त तक स्कूल बंद

**कक्षा 1 से 12 तक के सभी निजी-सरकारी स्कूलों में छुट्टी, डीएम ने दिए आदेश**

बागपत ,कांवड़ यात्रा के मद्देनजर कक्षा 1 से 12 तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश 3 अगस्त से 12 अगस्त तक रहेगा। जिलाधिकारी (डीएम) अस्मिता लाल के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार यादव ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। लाखों की संख्या में शिव भक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर बागपत के रास्ते अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। इसके अतिरिक्त, बागपत के ऐतिहासिक मंदिरों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए आते हैं। बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। इसी कारण स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिसकी कमान स्वयं डीएम अस्मित लाल और पुलिस अधीक्षक (एसपी) सूरज कुमार राय संभाले हुए हैं।

### शराब दुकान लूट मामले में दो गिरफ्तार

**पुलिस ने 19,250 रुपए बरामद किए, जांच जारी**

बागपत,कोतवाली क्षेत्र में अंग्रेजी शराब की दुकान पर हुई लूट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को रविवार को चेकिंग अभियान के दौरान दबोच लिया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट के 19,250 रुपए भी बरामद किए हैं। 10 दिन पहले हुई थी लूट पुलिस के अनुसार, करीब 10 दिन पहले अवैध हथियार के बल पर बदमाशों ने अंग्रेजी शराब की दुकान पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के बाद दुकान संचालक वीरेंद्र पुत्र सुखबीर ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों आरोपी संतोषपुर के रहने वाले गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास और मयंक के रूप में हुई है। दोनों बागपत कोतवाली क्षेत्र के संतोषपुर गांव के निवासी हैं। वारदात के बाद से पुलिस उनकी तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। 19,250 रुपए बरामद, जांच जारी कोतवाली प्रभारी मनोज चाहल ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से लूट के 19,250 रुपए बरामद हुए हैं।

### प्रसव के बाद युवती की मौत

बागपत ,कोतवाली क्षेत्र में रविवार सुबह 20 वर्षीय युवती की प्रसव के बाद महिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने ग्राम निरपुड़ा निवासी एक युवक पर शादी का झांसा देकर युवती को गर्भवती करने का आरोप लगाया और उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। परिजनों के अनुसार, युवती लंबे समय से पथरी की समस्या से पीड़ित थी और उसे अक्सर पेट में दर्द रहता था। एक अगस्त को भी दर्द होने पर उसने घर में रखी दवा ली, लेकिन राहत नहीं मिली। देर रात तबीयत अधिक बिगड़ने पर उसे गांव के एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां इंजेक्शन और दवाइयां दी गईं।

# पति-पत्नी और महिला की हत्या

**तीनों बोल-सुन नहीं पाते थे, एक ही बिस्तर पर खून से सनी लाशें मिलीं**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज ,मंगलवार को ट्रिपल मर्डर की सनसनीखेज वारदात हुई। एक ही कमरे के अंदर पति, पत्नी और एक महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बिस्तर पर तीनों का खून से लथपथ शव मिला। तीनों बोल-सुन नहीं सकते थे। वारदात का पता तब चला, जब सुबह कमरे का दरवाजा आधा खुला देख पड़ोसियों ने अंदर झांका। लाशें देखकर चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने सबूत जुटाकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। मकान मालकिन के बेटे को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। वारदात पुराने शहर के शाहगंज में गढ़ी कला मुहल्ले की है।




**मकान मालकिन बोली- पति-पत्नी बोल-सुन नहीं सकते थे**

गढ़ी कला मोहल्ले में सुशीला देवी का तीन मंजिला मकान है। बेटे पंकज (30) के साथ ग्राउंड फ्लोर पर रहती हैं। पंकज ऑटो-रिक्शा चलाता है। पति की मौत हो चुकी है। पहली मंजिल पर मृतक दंपति रहते थे। दूसरी मंजिल पर तीन लड़के अतुल सिंह, धनंजय सिंह, ऋषि सिंह रहते हैं। तीनों रेलवे स्टेशन पर घूम-घूमकर खाने का सामान बेचते हैं। मकान मालकिन ने बताया- दंपति पिछले 6 महीने से हमारे यहां रह रहे थे। कबाड़ बीनने का काम करते थे। उसे मोहल्ले के ही कबाड़ कारोबारी श्यामलाल को बेचते थे। पति-पत्नी मूक-बधिर थे, इसलिए मोहल्ले में कोई उन्हें नाम से नहीं पुकारता था। सोमवार को उनसे मिलने एक महिला आई थी। सुशीला देवी ने बताया- मैंने उसे पहले कभी नहीं देखा था। रिश्तेदार समझकर उनसे कोई पूछताछ भी नहीं की। इसके बाद मैं रात 11 बजे सोने चली गई। मंगलवार सुबह जब उठकर बाहर आई तो उनके कमरे का दरवाजा खुला था। पड़ोसियों को जाकर देखने को कहा। पड़ोसियों ने अंदर झांका, तब पता चला कि तीनों की हत्या हो चुकी है। किराएदार बोला- रात में भारी चीज के गिरने की आवाज सुनी दूसरी मंजिल पर किराए पर रहने वाले हरदोई के ऋषि सिंह ने बताया कि 8 महीने से इस मकान में रह रहा हूं। रात में उसने किसी भारी चीज के गिरने की आवाज सुनी।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय में धरने में 2 छात्र संगठनों में मारपीट

**सीनेट गेट पर दिशा और एबीवीपी कार्यकर्ता भिड़े, कई छात्रों को आई चोट**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सीनेट गेट पर मंगलवार को छात्र संगठन दिशा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकताओं के बीच धरना-प्रदर्शन के दौरान विवाद हो गया। शुरूआत में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। लेकिन देखते ही देखते मामला गाली-गलौज और हाथापाई तक पहुंच गया। मौके पर मौजूद छात्रों और सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति को शांत कराया। घटना में कुछ छात्रों के घायल होने की भी बात सामने आई है। दिशा संगठन के छात्रों का आरोप है कि वे विश्वविद्यालय प्रशासन और चीफ प्रॉक्टर के खिलाफ शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे। इसी दौरान एबीवीपी से जुड़े कार्यकताओं ने प्रदर्शन में व्यवधान डालना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारपीट शुरू हो गई, कुछ छात्र ने डंडा और पैर से एक छात्र को जमीन पर गिरा कर घसीटते हुए पीटा और कपड़े तक फाड़ दिए। इस दौरान कई छात्रों को चोटें आईं।



**दिशा संगठन ने सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल**

दिशा संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि उनका आंदोलन फीस वृद्धि, सीटों में कटौती और कैंपस डेमोक्रेसी जैसे मुद्दों को लेकर चल रहा है। उनका आरोप है कि धरना स्थल पर बड़ी संख्या में विरोधी गुट के लोग मौजूद थे।

# कांवड़ यात्रा के दौरान विवाद, युवक की पिटाई

**पुलिस ने संभाला मोर्चा, एक आरोपी हिरासत में**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,हापुड़ रोड स्थित तिरंगा गेट के पास रात को कांवड़ यात्रा के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मामला इतना बढ़ गया कि एक युवक की पिटाई कर दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और एक युवक को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। यह घटना तब हुई जब बुलंदशहर के खुर्जा क्षेत्र से आए कुछ कांवड़िये गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। रास्ते में उनकी कुछ अन्य युवकों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज हुई और विवाद बढ़ने पर मारपीट की नौबत आ गई। इस दौरान गंगाजल के कलश को नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश किए जाने का आरोप है। प्रारंभिक विवाद के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था और कुछ युवक वहां से चले गए थे। हालांकि, थोड़ी देर बाद एक युवक दोबारा घटनास्थल पर पहुंचा, जिसके बाद नाराज कांवड़ियों ने उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। पास में तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए युवक को भीड़ से बचाया। उसे हिरासत में लेकर लोहियानगर थाने भेज दिया गया है।




पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया, जिसके बाद कांवड़िये अपनी यात्रा पर आगे रवाना हो गए। मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिसवालों संग राहुल पाल की तस्वीरों ने उठाए सवाल

**महिला सीओ की मौजूदगी में केक काटते दिखा, सोशल मीडिया पर वायरल हुए फोटो-वीडियो**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ,पुलिस अफसर बनकर रंगदारी वसूलने और कथित तौर पर फर्जी पुलिस चौकी संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार राहुल पाल के सोशल मीडिया पर वायरल हुए फोटो और वीडियो ने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है। वायरल तस्वीरों में राहुल कई पुलिसकर्मियों के साथ नजर आ रहा है। सबसे अधिक चर्चा उस वीडियो की हो रही है जिसमें वह एक महिला पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) की मौजूदगी में केक काटता दिखाई दे रहा है। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद इस बात को लेकर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर राहुल की पुलिस महकमे में इतनी गहरी पहुंच कैसे बनी। वायरल तस्वीरों में राहुल अलग-अलग पुलिसकर्मियों के साथ सेल्फी और अन्य आयोजनों में दिखाई देता है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि ये तस्वीरें कब और किन परिस्थितियों में ली गईं। पुलिस की ओर से अभी तक इन तस्वीरों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन सोशल मीडिया पर इनके वायरल होने के बाद चचाओं का बाजार गर्म है। वहां से पुलिस की बेंत, वॉकी-टॉकी, बीट बुक समेत पुलिस से जुड़ा सामान बरामद हुआ था। मौके से राहुल पाल और उसके साथी आकाश को गिरफ्तार किया गया था। एसपी बोले- पुलिस चौकी नहीं कार्यालय था एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने फर्जी पुलिस चौकी चलाने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि वहां पुलिस चौकी संचालित होने जैसी कोई स्थिति नहीं मिली। इसके बावजूद वायरल तस्वीरों ने उन चचाओं को फिर हवा दे दी है, जिनमें नकली चौकी के संचालन में पुलिस की संभावित मिलीभगत की आशंका जताई जा रही थी। हनी ट्रैप और पुलिस अफसर बनकर वसूली पुलिस के अनुसार, राहुल पाल और आकाश भोले-भाले युवकों को हनी ट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करते थे। खुद को पुलिस अधिकारी बताकर जेल भेजने और एनकाउंटर कराने की धमकी देकर मोटी रकम वसूलने का आरोप है। तीन दिन पहले नीरज नामक युवक से भी आरोपियों ने 10 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर ब्रह्मपुरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पूरे गिरोह का पदार्फाश किया। एआई से बनी तस्वीर भी वायरल वायरल तस्वीरों में राहुल की एक फोटो राष्ट्रीय स्तर के एक भाजपा नेता के साथ भी वायरल की जा रही है।



# डॉक्टर के घर लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**दवा के बहाने घुसे थे, बुजुर्ग को बंधक बनाकर की थी वारदात**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, डॉक्टर के घर लूट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये बदमाश दवा लेने के बहाने घर में घुसे थे और बुजुर्ग को बंधक बनाकर नकदी व जेवर लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से इस वारदात का खुलासा किया और लूटा गया सामान भी बरामद कर लिया। यह घटना हुमायूनगर निवासी डॉ. अमीरुद्दीन के घर एक अगस्त को हुई थी। तीन युवक उनके घर पहुंचे और दवा लेने की बात कहकर दरवाजा खटखटाया। डॉ. अमीरुद्दीन के पिता सलीमुद्दीन ने जैसे ही दरवाजा खोला, तीनों आरोपी जबरन घर में घुस गए। आरोपियों ने पिस्टल और तमंचे के बल पर सलीमुद्दीन को धमकाया। उन्होंने घर में रखे सोने-चांदी के जेवर और 60 हजार रुपये नकद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। डॉ. अमीरुद्दीन की शिकायत पर लोहियानगर थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की



फुटेज खंगाली और सर्विलांस की मदद से आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने बाद में बिजली बंबा-घोसीपुर मार्ग से मोहम्मद अनस, आसिफ और अमन को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान तीनों ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उनके पास से दो जोड़ी चांदी की पायल, चार अंगूठियां, एक छल्ला, दो सोने के कुंडल और 10,300 रुपये नकद बरामद किए गए। सीओ कोतवाली संग्राम सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में से एक के खिलाफ बिजनौर में चोरी समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# देह व्यापार का भंडाफोड़

**पति-पत्नी सहित चार गिरफ्तार, मोबाइल, नकदी बरामद; केस दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद ,इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक फ्लैट में चल रहे कथित सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। न्यायखंड-3 स्थित फ्लैट पर देर रात छापेमारी कर पुलिस ने तीन पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया। मौके से दो मोबाइल फोन और 8,800 रुपए नकद भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मोबाइल और के जरिए ग्राहकों से संपर्क करते थे। महिलाओं की तस्वीरें भेजकर सौदा तय किया जाता था। फिलहाल पुलिस मोबाइल फोन की जांच कर पूरे नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाईइंदिरापुरम पुलिस को शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि सूचना मिली थी कि न्यायखंड-3 के एक फ्लैट में महिलाओं से देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना के बाद एसीपी इंदिरापुरम के नेतृत्व में थाना पुलिस की टीम ने फ्लैट पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरिफ, सगुन गुप्ता उर्फ राजन, अजय गुप्ता और उसकी पत्नी अमिता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन और 8,800 रुपए नकद बरामद किए हैं। 'काम और ज्यादा कमाई' का लालच देने का आरोपपूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मोबाइल और के जरिए ग्राहकों से संपर्क करते थे। महिलाओं की तस्वीरें भेजकर सौदा तय किया जाता था इसके बाद ग्राहकों से पैसे लेकर महिलाओं से देह व्यापार कराने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपी जरूरतमंद महिलाओं को काम और अधिक कमाई का लालच देकर इस धंधे में लाते थे। ग्राहकों से मिलने वाली रकम का बड़ा हिस्सा आरोपी अपने पास रखते थे, जबकि महिलाओं को केवल भरण-पोषण के नाम पर कुछ पैसे दिए जाते थे। मोबाइल की जांच में जुटी पुलिसपुलिस अब आरोपियों के मोबाइल फोन की फॉरेंसिक और तकनीकी जांच करा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क से और कौन-कौन लोग जुड़े हैं, गिरोह कितने समय से सक्रिय था और किन-किन इलाकों में इसका नेटवर्क फैला हुआ था। साथ ही गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।



# नशीली और एक्सपायरी दवाओं की बिक्री पर सख्ती

**मेरठ में कांवड़ यात्रा के दौरान मेडिकल स्टोर और हेल्थ कैंप में होगी चेकिंग**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ,सावन माह के साथ कांवड़ यात्रा शुरू होने पर सभी विभागों द्वारा की जा रही अपने अपने स्तर की तैयारियों के साथ औषधि विभाग ने यात्रा मार्ग पर स्थित मेडिकल स्टोरों के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। मेरठ मंडल के सहायक आयुक्त औषधि अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि मेरठ मंडल के छह जनपदों के औषधि निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित सभी मेडिकल स्टोरों की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी किसी भी दवा की बिक्री, जिससे नशे की लत लगने की आशंका हो, बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे (प्रिस्क्रिप्शन) के नहीं की जाएगी। यदि ग्राहक के पास डॉक्टर का उचित प्रिस्क्रिप्शन है, तभी संबंधित दवा उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि किसी भी स्थिति में एक्सपायरी दवाओं की बिक्री न करें। दवा वितरित करने से पहले उसकी एक्सपायरी तिथि और गुणवत्ता की पूरी तरह जांच करना सुनिश्चित करें। सहयाक आयुक्त ने यह भी कहा कि मेडिकल स्टोर संचालक अपनी ओर से किसी भी मरीज को दवा लिखने या चिकित्सकीय परामर्श देने का प्रयास न करें। केवल डॉक्टर के पर्चे के आधार पर ही दवा उपलब्ध कराई जाएऔषधि विभाग ने स्पष्ट किया है कि कांवड़ यात्रा के दौरान दवाओं की बिक्री और गुणवत्ता की निगरानी के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोरों के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# पानी की होदी में डूबा 4 साल का मासूम, मौत

**खेलते-खेलते करीब पहुंचा, संतुलन बिगड़ा और गिर गया**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,झुग्गी बस्ती के पास बनी पानी से भरी होदी में गिरने से चार साल के मासूम की मौत हो गई। घटना शाम करीब 6:30 बजे की है। सूचना पर पहुंची पुलिस बच्चे को अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान चार वर्षीय फिरोज आलम उर्फ गोलू के रूप में हुई है। उसका परिवार मूल रूप से सीतापुर जिले के अटरिया का रहने वाला है। वर्तमान में परिवार सेक्टर-123 स्थित पर्थला गोलचक्कर के पास झुग्गी बस्ती में रहकर मजदूरी करता है। पुलिस के अनुसार, शाम गोलू खेलते-खेलते झुग्गी के पास बनी पानी से भरी होदी के पास पहुंच गया। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह होदी में गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने बच्चे को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सेक्टर-113 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मासूम को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



# 3 लोगों से 50 लाख की ठगी

**वाट्सऐप ग्रुप से जोड़कर ट्रेनिंग दी, इसके बाद पैसे जमा करवाए**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,ऑनलाइन निवेश और टेलीग्राम टास्क के नाम पर तीन लोगों से 50.30 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप के जरिए संपर्क कर ठगों ने मोटा मुनाफा और कमीशन का झांसा दिया। रकम जमा कराने के बाद आरोपियों ने संपर्क तोड़ दिया। साइबर थाना पुलिस ने शनिवार को तीनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बुजुर्ग से ट्रेडिंग के नाम पर 18.09 लाख ठगे

सेक्टर-70 स्थित पैन ओएसिस सोसाइटी निवासी बुजुर्ग को 15 जनवरी को व्हाट्सएप पर एक युवती का मैसेज आया। बातचीत के बाद उन्हें ट्रेडिंग करने की सलाह दी गई और एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप एडमिन ने खुद को ट्रेडिंग विशेषज्ञ बताकर निवेश पर अधिक रिटर्न का भरोसा दिलाया। झांसे में आकर बुजुर्ग ने एसीएमक्यूटी और ब्रुकफी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर 18.09 लाख रुपए निवेश कर दिए। 3 फरवरी 2026 को रकम निकालने की कोशिश की तो आरोपी गायब हो गए। टेलीग्राम टास्क में युवक से 14.44 लाख की ठगी सेक्टर-41 निवासी युवक, जो मूल रूप से झारखंड के धनबाद का रहने वाला है, से टेलीग्राम के जरिए संपर्क किया गया। ठगों ने ऑनलाइन कपड़े और जूते बेचने पर आकर्षक कमीशन का लालच दिया। शुरूआत में छोटा मुनाफा दिखाकर भरोसा जीता और बाद में 14.44 लाख रुपए जमा करा लिए। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने संपर्क बंद कर दिया।



# फ्लाईओवर के नीचे खड़ी कार पर गिरा तार

**बिजली का तार गिरने से चिंगारियां उठीं, बड़ा हादसा टला**

अमन लेखनी समाचार

जेवर , ग्रेटर नोएडा के मंडी श्याम नगर कस्बे में शाम 4 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। दनकौर रेलवे रोड स्थित फ्लाईओवर के नीचे खड़ी एक स्विफ्ट कार पर अचानक बिजली का तार टूटकर गिर गया। गनीमत रही कि घटना के समय कार में कोई मौजूद नहीं था। शाम करीब 4 बजे हुई इस घटना के बाद तार से तेज चिंगारियां निकलने लगीं। उस समय बारिश भी हो रही थी, जिससे आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बिजली विभाग की कथित लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तार टूटने के तुरंत बाद बिजली विभाग को कई बार फोन कर सूचना दी गई। हालांकि, काफी देर तक कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। करंट फैलने की आशंका के बीच स्थानीय लोगों ने सावधानी बरतते हुए कड़ी मशक्कत से तार को कार से हटाया और रास्ता सुरक्षित किया। इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों में बिजली विभाग के प्रति गहरा रोष है। लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में जर्जर बिजली लाइनों का समय पर रखरखाव न होने से ऐसे हादसों का खतरा लगातार बना रहता है। उन्होंने पुराने तारों को तत्काल बदलने, नियमित निरीक्षण कराने और शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।



# महिला समाज मे विकास की आधारशिला- शिविता गोयल

## स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं का नारी शक्ति गौरव उत्सव हुआ सम्मान

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। केशव नगर सीतापुर रोड स्थित सामुदायिक भवन के सभागार में अनुरागिनी संस्था एवं शिल्पी महिला कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ₹नारी शक्ति गौरव उत्सव₹ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित करना तथा महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक नेतृत्व को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, समाजसेवियों, शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेविका शिविता गोयल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में शिल्पी महिला कल्याण संस्थान की अध्यक्ष कुसुम शिल्पी ने महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएँ शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, उद्यमिता, कृषि, सामाजिक सेवा एवं स्वरोजगार सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा समाज के विकास में निरंतर योगदान देने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि शिविता गोयल ने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की सकारात्मक सोच और समान अवसरों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को शिक्षा, कौशल और अवसर प्राप्त होते हैं, तब वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज के विकास की आधारशिला बनती हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयास ग्रामीण एवं शहरी अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। मुख्य वक्ता कुसुम शिल्पी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ महिलाओं को आत्मविश्वास, आर्थिक स्वतंत्रता और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करना है। उन्होंने महिलाओं को सरकारी योजनाओं, कौशल विकास कार्यक्रमों तथा स्वरोजगार के अवसरों का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संगठित प्रयासों के माध्यम से महिलाएँ समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायक कार्य कर रही महिलाओं को ₹नारी शक्ति सम्मान₹ से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाली महिलाओं में आशना खातून, मंजू लता, पूजा मिश्रा एवं अर्चना तिवारी प्रमुख रहीं। सभी सम्मानित महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम का समापन महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के संकल्प के साथ हुआ। अवध विकास परिषद के अध्यक्ष अरविंद मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बताते हुए अनुरागिनी संस्था एवं शिल्पी महिला कल्याण संस्थान के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम मे उपेन्द्र सिंह राजावत, महेंद्र सोनी, श्लोक अग्रवाल, अमित यादव, आशा सिंह, किरण आलेखा सहित समूह से जुड़ी 200 महिलाएं उपस्थित रही

# पीएसआई इंडिया को सीएसआर टाइम्स अवार्ड

**मातृछाया कार्यक्रम के लिए गोल्ड तो हेल्थ फॉर आल प्रोग्राम के लिए मिला सिल्वर अवार्ड**

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ । सरकार के साथ मिलकर समुदाय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को मुहैया कराने में सक्रिय रूप से सहयोग कर रही पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) संस्था को मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में सीएसआर टाइम्स अवार्ड से नवाजा गया। संस्था को रूरल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की कैटेगरी में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया फाउंडेशन से वित्त पोषित ‘मातृछाया’ कार्यक्रम के लिए गोल्ड अवार्ड प्रदान किया गया है। इसके अलावा निवाबूपा हेल्थ इंश्योरेंस से वित्त पोषित हेल्थ केयर- हेल्थ फॉर आल (इंटिग्रेटेड प्राइमरी हेल्थ केयर डिलीवरी टिल दि लास्ट माइल) कार्यक्रम के लिए सिल्वर अवार्ड प्राप्त हुआ है। पीएसआई इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुकेश शर्मा ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से मातृछाया कार्यक्रम की अनूठी पहल उत्तर प्रदेश में की गयी है। इसके तहत पहले चरण में स्वास्थ्य विभाग की मदद से बहराइच, बलरामपुर और हरदोई जिलों के एक-एक सीएचसी का चयन किया गया। इसके बाद वहां के प्रसव स्थल व प्रसव कक्ष की व्यवस्थाओं का मानक के अनुरूप आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण किया गया। इसके साथ ही प्रसव बिस्तरों, नवजात शिशु देखभाल क्षेत्र, नर्सिंग स्टेशन और सही तरीके से हाथ धुलने की व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया। इससे प्रसूता और नवजात को एक स्वस्थ और बेहतर माहौल प्राप्त हुआ । इसके लिए सीएसआर टाइम्स गोल्ड अवार्ड प्राप्त होने से निश्चित रूप से इस कार्यक्रम से जुड़े साथियों और संस्था का उत्साहवर्धन होगा और हमारा प्रयास होगा कि सेवाओं को और गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए। दूसरी ओर हरियाणा के गुरुग्राम में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घर बैठे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर पीएसआई इंडिया और निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस के सहयोग से चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित चार मेडिकल मोबाइल यूनिट को संचालित किया जा रहा है। मेडिकल मोबाइल यूनिट ग्रामीणों के सामान्य रोगों की जांच करने के साथ ही जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रदान करती है। इसके अलावा परामर्श और आवश्यकता पड़ने पर रेफर की भी सुविधा प्रदान करती है। हेल्थ फॉर आल कार्यक्रम के तहत किशोर-किशोरियों को इस अवस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक बदलावों व एनीमिया से बचने के बारे में भी परामर्श प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम के लिए सीएसआर टाइम्स सिल्वर अवार्ड से संस्था को नवाजा गया है।

**खास समाचार**

## किसानों ने जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद। भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन के बैनर तले तहसील अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में किसानों व ग्रामीणों ने सोमवार को उपजिलाधिकारी शाहाबाद को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्राम रसूलपुर की सरकारी बंजर भूमि पर अवैध खनन की जांच, दोषियों पर कार्रवाई, सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने तथा खनन में प्रयुक्त जेसीबी मशीन सीज करने की मांग की गई। इसके अलावा नगर पिहानी के ऐतिहासिक 'तीन बंदर पार्क' का पुराना नाम बहाल करने, ग्राम राभा की सरकारी बाजार भूमि से अवैध कब्जा हटाने तथा राभा से अकेलापुरवा तिराहा तक जर्जर सड़क का शीघ्र निर्माण कराने की मांग भी उठाई गई। संगठन ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

## सावन के प्रथम सोमवार पर निकली भव्य शिव शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद। सावन माह के प्रथम सोमवार पर श्री राधा नाम संकीर्तन प्रभात फेरी समिति के तत्वावधान में मोहल्ला चौक स्थित बालाजी मंदिर से भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भजन-कीर्तन और 'हर-हर महादेव' के जयघोष के बीच शोभायात्रा प्राचीन श्री टेढ़ेश्वर नाथ मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक, पूजन-अर्चन एवं महाआरती कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि सावन माह के प्रत्येक सोमवार को धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## छात्रा की मौत के मामले में डीसीएम चालक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के विहगंवा गांव में डीसीएम की टक्कर से बिजली का खंभा गिरने और उसके नीचे दबकर नौवीं कक्षा की छात्रा रागिनी शुक्ला की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी चालक मोहम्मद कैफ निवासी समसपुर, थाना कछौना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार दो अगस्त को हुए हादसे के बाद परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। मामले में अन्य विधिक कार्रवाई जारी है।

## प्रदेश महामंत्री बनने के बाद पहली बार हरदोई पहुंचे शंकरलाल लोधी, हुआ जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। भाजपा के प्रदेश महामंत्री बनने के बाद पहली बार हरदोई पहुंचे शंकरलाल लोधी का जिलेभर में कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया और कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम अपनी भव्यता और बेहतर व्यवस्थाओं के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 62.22 लाख के लूट के माल के साथ 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र में सराफा व्यापारी से हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। थाना बभनी पुलिस, एसओजी, थाना दुद्धी एवं थाना म्योरपुर की संयुक्त टीम ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान 25 हजार के इनामी वांछित बदमाश पंकज साह को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे और निशानदेही पर लूटे गए 12.500 किलोग्राम चांदी के आभूषण, 225 ग्राम सोने के आभूषण समेत कुल 62,22,500 कीमत का माल बरामद किया गया है। पुलिस ने मौके से अवैध तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में संयुक्त पुलिस टीम को यह सफलता मिली।

### 18 जुलाई को हुई थी सराफा व्यापारी से लूट

जानकारी के अनुसार, 18 जुलाई 2026 को बभनी थाना क्षेत्र के ग्राम चपकी निवासी कुलधीर कुमार रघुनाथनगर, छत्तीसगढ़ के साप्ताहिक बाजार से आभूषण बेचकर मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे। शाम करीब साढ़े छह बजे शीशटोला जंगल के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली और चाकू से हमला कर दिया। बदमाश व्यापारी के पास मौजूद सोने-चांदी के आभूषणों से भरा बैग तथा करीब 40 हजार नकद लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद थाना बभनी में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले में पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि विवेचना में दो अन्य आरोपियों के नाम सामने आने पर दोनों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

# सीएमओ ने सीएचसी बामौर का किया औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना

अमन लेखनी समाचार

बामौर (झांसी)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिशिर पुरी ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बामौर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाते हुए उन्होंने स्टाफ की सराहना की। निरीक्षण की शुरूआत इमरजेंसी सेवाओं से करते हुए सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्धारित प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत पालन करने तथा ड्रेस कोड में कार्य करने के निर्देश दिए। इसके बाद फामेर्सी का निरीक्षण कर दवाओं के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं वितरण व्यवस्था की प्रशंसा की। लेबर रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में एनबीएसयू (न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट) की स्थापना हेतु शासन को शीघ्र प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। संस्थागत प्रसव की संख्या अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर आशा कार्यकताओं को अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करने को कहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रबंधकीय कार्यों में समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग, नियमित समीक्षा तथा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की तैयारियों में तेजी लाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने सभी कमियों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अस्पताल की कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की कार्यशैली एवं साफ-सफाई से संतुष्ट दिखाई दिए तथा सभी कर्मचारियों को इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. विमल कुमार, डॉ. धर्मेश, डॉ. सफिया खान, शैलेश यादव (ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक), सुनीता (ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक), विनोद साहनी (ब्लॉक लेखा प्रबंधक), त्रिभुवन सिंह (फार्मासिस्ट), रोहित अग्रवाल (एआरओ), अर्चना, पुष्पा, आजाद, शशिकांत, शिवम, रविन्द्र कुमार, प्रदीप, वीरसिंह, टी.पी. श्रीवास्तव, महेंद्र वर्मा, अरुण कुमार, जितेंद्र, रामकृपाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उच्च जोखिम वाले ग्रामों में माइक्रोप्लान के अनुसार चलाया गया विशेष अभियान, आमजन को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। 01 जुलाई, 2026 से संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई, 2026 से दस्तक अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गांवों में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, खराब हैंडपंपों का चिन्हीकरण एवं मरम्मत, नालियों की सफाई तथा बुखार, कुष्ठ, फाइलेरिया, क्षय, डायरिया सहित अन्य संक्रामक रोगों के संभावित मरीजों की पहचान का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशानुसार उच्च जोखिम वाले ग्रामों में माइक्रोप्लान के अनुरूप विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। इस दौरान सफाईकर्मी, पंचायत सहायक, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधानों की सक्रिय सहभागिता रही। साथ ही ग्रामीणों को संक्रामक रोगों से बचाव, स्वच्छता अपनाने तथा जलजनित एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत अब तक विद्यालयों में 2,076 संचारी जागरूकता रैलियां आयोजित की जा चुकी हैं। ग्राम स्तर पर 621 प्रभात फेरियां एवं 623 ग्राम सभा बैठकों का आयोजन किया गया। 3,067 स्थानों पर झाड़ियों की कटाई, 2,944 हैंडपंपों की मरम्मत, 1,142 हैंडपंप चबूतरों की मरम्मत, 801 शौचालयों का निर्माण, 1,673 ग्रामीण एवं 1,648 शहरी नालियों की सफाई तथा 144 नगरीय वार्डों में फॉगिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 259 सूकर पालकों का संवेदीकरण तथा 629 कृतंक नियंत्रण गोष्ठियों का आयोजन किया गया। दस्तक अभियान के अंतर्गत आज 45 बुखार के रोगियों की पहचान की गई तथा 25 व्यक्तियों की आरडीटी किट से जांच की गई। अभियान के दौरान अब तक 5,321 बुखार के रोगियों का चिन्हीकरण, 5,133 आरडीटी जांच, 12 मलेरिया धनात्मक मरीजों की पहचान, आईएलआई (खांसी-जुकाम) के लक्षण वाले 699 व्यक्तियों का चिन्हीकरण, 230 डायरिया संभावित रोगियों एवं 14 कुपोषित बच्चों की पहचान की गई। उपचार हेतु 210 कुपोषित बच्चों को संदर्भित किया गया। साथ ही क्षय, कुष्ठ एवं कालाजार के संदिग्ध रोगियों की भी नियमित निगरानी एवं सर्वेक्षण किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपने घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें, जलभराव न होने दें, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं तथा बुखार अथवा अन्य संक्रामक रोग के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें

# सेंट जोसेफ स्कूल खोराबाद में नवनिर्मित बहुउद्देशीय भवन का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सेंट जोसफ स्कूल, खोराबार में नव-निर्मित बहुउद्देशीय भवन का उद्घाटन गोरखपुर कैथोलिक धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप मैथ्यू नेल्लीकुन्नेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉ० सिबिचन ने अपने उद्बोधन में कहा की आज का दिन हमारे विद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण दिन है। नव-निर्मित बहुउद्देशीय भवन के उद्घाटन के इस शुभ अवसर पर आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ। हम सर्वशक्तिमान ईश्वर का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने हमारे संस्थान को इस सुंदर लघु बहुउद्देशीय हाल से नवाजा है। यह हाल केवल हमारे बुनियादी ढांचे में एक वृद्धि नहीं है, बल्कि एक बहुमूल्य संपत्ति है जो हमारे विद्यालय समुदाय की जीवन को समृद्ध करेगी। यह स्टाफ मीटिंग, छात्रों और शिक्षकों के लिए सेमिनार और कार्यशालाओं, अभिभावक मार्गदर्शन कार्यक्रमों, छोटी प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक गतिविधियों और सहयोग एवं सीखने को बढ़ावा देने वाले आयोजनों के लिए एक स्थल के रूप में कार्य करेगा। आदरणीय बिशप महोदय की गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिए परम सौभाग्य, ईश्वर का विशेष आशीर्वाद तथा प्रेरणा का स्रोत है। अपने उद्बोधन में माननीय बिशप ने कहा की आज इस विद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का अवसर है। नव-निर्मित बहुउद्देश्यीय भवन का उद्घाटन केवल एक भवन का उद्घाटन नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार, प्रतिभा और उज्ज्वल भविष्य की नई संभावनाओं का शुभारंभ है। मैं इस उत्कृष्ट भवन के निर्माण में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों तथा सहयोगियों को हार्दिक बधाई देता हूँ। मुझे विश्वास है कि यह भवन विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, विज्ञान, कला तथा विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। प्रिय विद्यार्थियों, आप ही देश का भविष्य हैं। इस भवन का सदुपयोग करते हुए अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी के साथ अपने ज्ञान और कौशल का विकास करें। शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि एक श्रेष्ठ नागरिक बनने की यात्रा भी है। मैं विद्यालय परिवार से अपेक्षा करता हूँ कि इस भवन का उपयोग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के कामर्शियल मैनेजर श्री जे०पी० सिंह ने भारतीय रेल के सतर्कता विभाग की पारदर्शिता एवं ईमानदारी सुनिश्चित करने में निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका तथा मालगाड़ी परिचालन के प्रभावी प्रबंधन से अवगत कराया। फादर सिबी जोसफ, सेक्रेटरी, कैथोलिक डायोसिस ऑफ गोरखपुर एजुकेशन सोसाइटी ने कहा की यह भवन केवल ईंट, सीमेंट और पत्थरों से बना एक ढाँचा नहीं है, बल्कि हमारे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, बेहतर शिक्षा और सर्वांगीण विकास का सशक्त आधार है। इस भवन में विद्यार्थियों को आधुनिक एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, जिससे उनकी प्रतिभा को नई दिशा और अवसर प्राप्त होंगे। प्रिय विद्यार्थियों, यह भवन आपकी अमूल्य धरोहर है। इसकी स्वच्छता, सुरक्षा और गरिमा बनाए रखना हम सभी का दायित्व है।

# महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112 - आपातकालीन सेवा

1090 / 1091 - महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने शिवद्वार मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। श्रावण मास के दौरान शिवद्वार मंदिर में दर्शन-पूजन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन के दृष्टिगत आज दिनांक 03.08.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा थाना घोरावल क्षेत्रान्तर्गत स्थित शिवद्वार मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मंदिर परिसर एवं आसपास ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की चेकिंग की गई तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने के साथ-साथ ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग तथा आसपास के क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखी जाए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए भीड़ एवं यातायात का सुचारु प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



## टाइगर की नई फिल्म की शूटिंग शुरू, डेब्यू को तैयार एल्विश

**मुंबई।** निर्देशक रेमो डिसूजा एक नई फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। इसमें लीड एक्टर के तौर पर टाइगर श्रॉफ होंगे। उनके साथ इस फिल्म में नुसरत भरूचा फीमेल लीड रोल में होंगी। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। यह फिल्म टाइगर श्रॉफ और नुसरत भरूचा के बीच पहला ऑन-स्क्रीन कोलैबोरेशन है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म से एल्विश यादव बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। खबर यह भी है कि ऋतिक रोशन की बहन पश्मीना रोशन भी इस फिल्म में नजर आएंगी। यह फिल्म आगाज एंटरटेनमेंट, वीजे फ्रेम फिल्म्स और इंसोम्निया फिल्म्स के बैनर तले बनाई जा रही है। यह प्रोजेक्ट प्रोड्यूसर विक्की जैन के लिए भी एक बड़ा माइलस्टोन है।

लाइफ Style

# दीया

## भूमिका की लंबाई नहीं, आधार होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दीया मिर्जा उन अभिनेत्रियों में से एक हैं जो ब्रेक लेकर काम करना पसंद करती हैं। 2026 में वह अब तक 'अल्फा' और 'इक्का' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। जल्द ही उनका तीसरा प्रोजेक्ट वेब सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' भी रिलीज होगा।

एक बातचीत में दीया ने अपने अभिनय के उतार-चढ़ाव पर रोशनी डाली। साथ ही बताया कि इन दिनों वह फिल्मों में छोटे रोल क्यों कर रही हैं। फिल्म 'इक्का' और 'अल्फा' में दीया का रोल काफी छोटा था। न्यूज 18 से बातचीत के दौरान उन्होंने इस बारे में अपनी राय साझा की। दीया ने कहा, 'किसी कहानी का हिस्सा बनने का निर्णय कभी भी भूमिका की लंबाई के आधार पर नहीं लिया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि इसका निर्धारण उस किरदार के अंदर की गहराई या सच्चाई के आधार पर होना चाहिए।

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'अपने करियर के पहले पांच साल में मैं युवा और अनुभवहीन थी और खुद को समझने की कोशिश कर रही थी। हो सकता है कि मैंने कुछ बेहतरीन प्रोजेक्ट्स को इसलिए ठुकरा दिए हो क्योंकि उनमें स्क्रीन टाइम कम थीं। लेकिन अपने करियर के पिछले 20 साल में मैंने ऐसा कभी नहीं किया।' बताते चलें कि दीया मिर्जा 'ऑपरेशन सफेद सागर' में विंग कमांडर टोनी धनोआ की पत्नी का किरदार निभा रही हैं। यह सीरीज 7 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है। इसका निर्देशन ओनी सेन ने किया है।




हॉलीवुड मसाला




## दशकों बाद पढ़ी इतनी बेहतरीन स्क्रिप्ट

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता विन डीजल की 'फास्ट एंड फ्यूरियस' फ्रेंचाइजी की संभावित आखिरी फिल्म अगले साल रिलीज होगी। विन ने हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस फिल्म से जुड़ी अहम जानकारी फैंस के साथ साझा की। विन डीजल ने एक वीडियो पोस्ट साझा करते हुए फिल्म की स्क्रिप्ट पर बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने अभी माइक लेस्ली की 'फास्ट फॉरएवर' की स्क्रिप्ट पढ़ी। यह बीते कई दशकों में सबसे बेहतरीन स्क्रिप्ट है, जो मैंने पढ़ी है। मैं अभी तक भावुक हूं।'





## हैरी पॉटर 25 साल बाद भारत में होगी रि-रिलीज

**नई दिल्ली।** बच्चा, टीनेजर हो या बुजुर्ग सभी हैरी पॉटर के फैन हैं। 25 साल पहले आई इस सीरीज के 8 पार्ट आ चुके हैं और आठों का फैन हर कोई है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हैरी पॉटर के आठ पार्ट ने 581 अरब की कमाई हासिल की थी। हैरी पॉटर बुक सीरीज की लेखिका जेके राउलिंग है। वहीं इस फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म 'हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स स्टोन को 2026 में 25 साल पूरे होने वाले हैं, जिसे खास बनाने के लिए आईएमडीबी के मुताबिक फिल्म को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। 4 नवंबर 2001 में रिलीज हुई हैरी पॉटर के पहले पार्ट को भारत में फिर से रिलीज किया जाएगा। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है।



## अक्षय की झोली में आ गिरी नई फिल्म

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार हाल ही में कई फिल्मों में नजर आए हैं। जल्द ही वह 'हैवान' में नजर आने वाले हैं। अब खबर है कि वह फरहान अख्तर की फिल्म में कैमियो करेंगे। अक्षय कुमार, नीरज पांडे के साथ पांचवीं बार एक साथ काम करने जा रहे हैं। इससे पहले दोनों फिल्म स्पेशल 26, बेबी, टॉयलेटः एक प्रेम कथा और नाम शबाना में साथ काम कर चुके हैं। यह जोड़ी फिल्ममेकर की अगली फिल्म के लिए एक साथ आ रही है, जो आरडी बर्मन की बायोपिक है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फरहान अख्तर अपकमिंग फिल्म में बर्मन का किरदार निभाएंगे। भले ही अक्षय का रोल छोटा है, लेकिन वह बायोपिक का एक अहम हिस्सा होंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय और नीरज इस बायोपिक के लिए लगभग एक दशक बाद फिर से साथ आ रहे हैं।



## छोटा बच्चा जान के... अब नए अंदाज में

**मुंबई।** पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'ओह माय डॉग' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले फिल्म के मेकर्स ने इसका एक गाना 'छोटा बच्चा जान के...' रिलीज किया है। यह एक चर्चित और पुराना गाना है, जिसे नए अंदाज में पेश किया गया है। ओह माय गॉड फेम निर्देशक अमित राय की फिल्म 'ओह माय डॉग' कुछ दिनों में रिलीज होगी। 'छोटा बच्चा जान के...' गाने को मॉडर्न ट्विस्ट दिया गया है। फिल्म की कहानी बच्चों और डॉग की दोस्ती पर है तो गाने में भी बच्चे डांस रहे हैं, वहीं दो डॉग्स भी दिखाई दे रहे हैं। यह गाना टिप्स ने अपने यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्म पर साझा किया है। फिल्म 'ओह माय डॉग' पहले 31 जुलाई को रिलीज हो रही थी, लेकिन बड़ी फिल्मों के आगे पर्याप्त थिएटर स्क्रीन ना मिलने के कारण मेकर्स ने इसे आगे बढ़ा दिया।

टीवी मसाला

## शिवांगी- हर्षद की दोस्ती में पड़ी दरार लॉकअप 2 में जमकर हुआ हंगामा


**नई दिल्ली।** हाल ही में रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में हर्षद चोपड़ा से शिवांगी जोशी नाराज हो गईं। इसकी वजह रियलिटी शो में खुद को बचाए रखना था। शिवांगी को अब तक सपोर्ट कर रहे हर्षद चोपड़ा ने खुद के खेल को अहमियत दी। इस वजह से शिवांगी को शो में नुकसान हुआ। बाद में



फाइनलिस्ट श्रेया कालरा ने शिवांगी को शो से बाहर कर दिया। इन सभी बातों का असर शिवांगी और हर्षद चोपड़ा की दोस्ती पर पड़ा है। हर्षद चोपड़ा और शिवांगी एक टास्क कर रहे थे। इस दौरान दोनों के बीच नोक-झोंक हुई। शिवांगी ने कमरे से बाहर जाने का फैसला लिया। लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि हर्षद चोपड़ा बाकी प्रतियोगियों को कहते थे कि वह शिवांगी के लिए पिछले टास्क में हारे थे। इस पर शिवांगी ने कहा कि वे दोनों खुद के लिए खेल रहे थे। इस बात को लेकर नाराजगी शिवांगी ने हर्षद चोपड़ा के सामने भी जाहिर की। शो 'लॉकअप 2' की बात करें तो अब इसमें राम कपूर, आकांक्षा चमोला, शिल्पा शिंदे, राम कपूर, श्रेया कालरा, हर्षद चोपड़ा जैसे सेलेब्स ही बचे हैं। जल्द ही इस शो का फिनाले एपिसोड भी दर्शकों को देखने को मिलेगा। अब तक शिवांगी जोशी, पामेला सेरेना और आकांक्षा चौधरी शो से बहर हो चुकी हैं। रियलिटी शो 'लॉक अप 2' को रितेश देशमुख और फराह खान होस्ट कर रहे हैं। इसमें कुछ चर्चित सेलिब्रिटीज को एक जेल के कॉन्सेप्ट वाली जगह पर प्रतियोगी के तौर पर रखा जाता है। वे बाहरी दुनिया से कटे रहते हैं। अपनी सुख-सुविधाओं से दूर उन्हें कई मुश्किल फैसलों से गुजरना पड़ता है।

### जेनिफर ने साझा की हल्दी सेरेमनी की तस्वीरें

**नई दिल्ली।** हिंदी टीवी के चर्चित अभिनेत्री जेनिफर विंगेट ने हाल ही में सिंगापुर में रहने वाले एक फाइनेंस प्रोफेशनल ने शादी की है। अपनी हेल्दी सेरेमनी की तस्वीरें जेनिफर ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ



साझा की है। साथ ही एक भावुक पोस्ट भी लिखी है। साझा की गई तस्वीरों में जेनिफर हरे रंग के लहंगे में नजर आ रही हैं। वहीं उनके पति विलियम सफेद शेरवानी में दिखा आ रहे हैं। तस्वीरों में हेल्दी सेरेमनी के कई खूबसूरत पल कैद थे। इनमें जेनिफर दोस्तों के साथ डांस कर रही हैं। किसी तस्वीर में उनके गालों पर हल्दी लगी है। तो किसी फोटो में वह परिवार और करीबी लोगों के साथ फोटो क्लिक करवा रही हैं। इंस्टाग्राम पोस्ट में तस्वीरें साझा करने के अलावा जेनिफर ने अपने पोस्ट के लिए भावुक संदेश भी लिखा। वह लिखती हैं, 'मेरी हल्दी सिर्फ एक सेलिब्रेशन नहीं थी बल्कि प्यार से भरा एक पल था। जब भी मैं इन तस्वीरों को देखती हूं, मुझे कुछ नया नजर आता है, किसी की प्यारी मुस्कान, किसी का गले मिलना, कोई हमें चीयर कर रहा है, तो कोई यह पक्का कर रहा है कि सब कुछ एकदम सही हो।'जेनिफर आगे लिखती हैं, 'लोग अक्सर कहते हैं कि वे अच्छे दोस्त पाकर लकी हैं, लेकिन मैं तो सबसे ज्यादा लकी हूं।

## दोनों बेटों के साथ पीरियड फिल्म प्लान कर रहे सनी निभाना चाहते हैं सम्राट अशोक का किरदार

**मुंबई।** अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म 'बंटवारा 1947' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में पटना में प्रमोशनल इवेंट के दौरान उन्होंने अपने अगले प्रोजेक्ट की योजना साझा की। इसके साथ ही एक्टर ने बताया कि वो इस फिल्म में अपने दोनों बेटों को भी शामिल करना चाहते हैं। पटना में फिल्म प्रमोशन के दौरान सनी से पूछा गया कि अब वो किस तरह का किरदार निभाने की इच्छा रखते हैं? इसके जवाब में अभिनेता ने कहा,



'सम्राट अशोक मेरे दिल के बहुत करीब हैं। राजकुमार संतोषी ने मुझे इसकी कहानी सुनाई है और चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने भी मुझे इस कहानी का नरेशन दिया है। मुझे यह भी विश्वास है कि मैं अपने दोनों बेटों को भी इस प्रोजेक्ट में शामिल कर सकता हूं, क्योंकि इसका एक विशाल इतिहास है।'

### ऐसी फिल्मों के लिए भारी बजट चाहिए

सनी ने इस प्रोजेक्ट के बारे में आगे कहा, 'ऐसी फिल्मों के लिए भारी बजट की जरूरत होती है। पहले मेरे पास ऐसी कोई फिल्म नहीं आई। हालांकि, 'गदर 2' के बाद हालात बेहतर हुए और मुझे उम्मीद है कि आगे और बेहतर होंगे। मैं जरूर एक ऐसी फिल्म बनाना चाहूंगा।' आपको बता दें कि शाहरुख खान इससे पहले साल 2001 में रिलीज हुई फिल्म 'अशोका' में सम्राट अशोक का किरदार निभा चुके हैं। इससे पहले 1992 में रिलीज हुई फिल्म 'सम्राट अशोक' में एनटीरामा राव ने अशोक और चाणक्य दोनों का किरदार निभाया था।

## वेब सीरीज चुंबक में कॉमेडी व ड्रामा का मिलेगा भरपूर डोज

**मुंबई।** नीना गुप्ता की सीरीज 'चुंबक' 28 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें मोहल्ले में आस-पड़ोस के घरों के बीच के पारिवारिक और आत्मीय रिश्तों को दिखाया जाएगा। पड़ोसी किस रह सुख और दुख में साथ देते हैं। सामान के आदान-प्रदान का सिलसिला कैसे चलता है? इसकी झलक दिलचस्प अंदाज में इस सीरीज में देखने को मिलेगी। नेटफ्लिक्स ने 'चुंबक' का दिलचस्प प्रोमो भी जारी किया है, जिसमें पूरी स्ट साथ नजर आ रही है। नीना गुप्ता कहती दिखी हैं, 'नेटफ्लिक्स फैमिली में एक और फैमिली जुड़ रही है। मिलिए 'चुंबक' परिवार से'। चर्चित अभिनेत्री नीना गुप्ता के अलावा इसमें देवेन भोजानी, अमायरा दस्तूर, अर्जुन बिजलानी, अनंत वी जोशी और हेली शाह समेत कई सितारे हैं। सीरीज 'चुम्बक' एक समकालीन शहरी भारतीय पड़ोस में स्थापित कल्चर को दिलचस्प अंदाज में पेश करेगी। पड़ोस का वह चलन, जहां कोई भी उत्सव छोटा नहीं होता है। कोई भी परेशानी कभी निजी नहीं रहती। राइटर-डायरेक्टर और को-प्रोड्यूसर आतिश कपाड़िया और प्रोड्यूसर जेडी मजेठिया 'चुंबक' को लेकर आ रहे हैं। इससे पहले इस जोड़ी ने कल्ट-क्लासिक्स 'साराभाई वर्सेस साराभाई' और 'खिचड़ी' जैसे शो दिए हैं। सीरीज में एक अच्छे आस-पड़ोस वाली व्यवस्था को दिखाया जाएगा। यह उन लोगों के बारे में है, जो अक्सर बिना बुलाए घर आ जाते है। शुभचिंतक होते हैं। यह सीरीज याद दिलाती है कि परिवार हमेशा वह नहीं होता, जिसमें आप पैदा होते हैं। कभी-कभी वह भी होता है, जो ठीक बगल में रहता है।



### मैं वापस आऊंगा से ऑपरेशन सफेद सागर तक

# इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। नया महीना यानी अगस्त शुरू हो चुका है। नए वीक की शुरुआत हुई है। कुछ नई फिल्में और सीरीज भी रिलीज होने वाली हैं। सिनेमाघरों में हॉलीवुड फिल्में स्पाइडर मैन 4 और द ओडिसी धमाल कर रही हैं। वही, बॉलीवुड फिल्में भी सजी हैं। इस बीच ओटीटी पर भी कम विकल्प नहीं हैं। नए वीक में दिलजीत दोसांझ की चर्चित फिल्म मैं वापस आऊंगा ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसके अलावा कई और फिल्में और सीरीज भी रिलीज होंगी।*

### मैं वापस आऊंगा

इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें नसीरुद्दीन शाह, दिलजीत दोसांझ, शरवरी और वेदांग रैना जैसे सितारे हैं। इस फिल्म की काफी सराहना हुई। अब यह ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। यह फिल्म 07 अगस्त से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### उयिर

यह तमिल भाषा की फिल्म है। तमिल भाषा में उयिर का अर्थ जीवन या आत्मा होता है। रोशन मैथ्यू, बैजू संतोष और अतुल्या चंद्रा अभिनीत यह फिल्म 04 अगस्त से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म की कहानी कन्नूर के धर्मदम पुलिस स्टेशन में तैनात एक ट्रेनी सब-इंस्पेक्टर अजीब की सच्ची घटनाओं पर आधारित पुलिस जांच पर आधारित है।







### ऑपरेशन सफेद सागर

यह वेब सीरीज भी इसी वीक दस्तक देगी। 'ऑपरेशन सफेद सागर' साल 1999 के करगिल युद्ध के दौरान भारतीय वायु सेना द्वारा चलाया गया एक ऐतिहासिक और निर्णायक हवाई अभियान था, जिसका मुख्य उद्देश्य करगिल की ऊंची पहाड़ियों पर छिपे पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ना था। यह सीरीज 07 अगस्त 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। जिमी शेरगिल, सिद्धार्थ, मिहिर आहूजा और अभय वर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं।

### माय लाइफ विद द वाल्टर बॉयज 3

लोकप्रिय अमेरिकी टीन ड्रामा और रोमांटिक सीरीज 'माय लाइफ विद द वाल्टर बॉयज' का तीसरा सीजन इस वीक ओटीटी पर आएगा। इस सीरीज का प्रीमियर 6 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर होगा। इस सीजन में कुल 10 एपिसोड होंगे। ये सभी एक साथ रिलीज किए जाएंगे।

### स्टर्लिंग पॉइंट

यह अमेरिकी ड्रामा सीरीज है। इसे मेगन पार्क ने बनाया है। यह 17 साल की एनी जैकबसन (एला रुबिन) की कहानी है। स्टर्लिंग पॉइंट का 05 अगस्त से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

### एमटीवी हसल 5

मशहूर भारतीय रैप और हिप-हॉप रियलिटी शो एम टीवी हसल 5' नए सीजन के साथ लौट रहा है। इस बार शो में नए रैपर की खोज होगी, साथ ही उन जगहों, अनुभवों और कहानियों से भी रूबरू कराया जाएगा, जहां इन कलाकारों को आकार मिला। यह 08 अगस्त से जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। इस सीजन में सिंगर-रैपर बादशाह रैप सुप्रीमो के रूप में नजर आएंगे।